## अनुमति के विरूद्ध गुलाबरा मेन रोड पर बन रही बिल्डिंग पर कोई कार्यवाही नहीं

# बिना अनुमति बन रहे भवनों को निगम ने किया ध्वस्त, अनुमति के विरूद्ध निर्माण कार्य करने वालों पर निगम की कार्यशैली सवालों के घेरे में



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

बुधवार को आयुक्त सी.पी. राय के निर्देश पर चला बुलडोजर, अवैध कॉलोनियों पर सख्त प्रहारलेकिन चुनिंदा कार्रवाई से उठ रहे सवाल, निगम की साख दांव परशहर में अवैध कॉलोनियों और अनधिकृत निर्माण के खिलाफ नगर निगम ने एक बार फिर सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है।

नगर निगम आयुक्त सी.पी. राय के स्पष्ट आदेशानुसार निगम की टीम ने दो अलग-अलग स्थानों पर चल रहे अवैध निर्माण कार्यों को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया। यह कार्रवाई न केवल अवैध कब्जाधारियों के लिए चेतावनी है, बल्कि उन भू-माफियाओं के लिए भी बड़ा झटका मानी जा रही है, जो वर्षों से नियम-कानून को ताक पर रखकर शहर में अवैध कॉलोनियों का जाल फैलाते आ रहे हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह कार्रवाई वार्ड क्रमांक 48 के खसरा नंबर 200/1/1/2 तथा वार्ड क्रमांक 36 के खसरा नंबर 54 पर की गई। इन दोनों ही स्थानों पर बिना किसी वैध अनुमति और स्वीकृति के निर्माण कार्य किया जा रहा था। जब मामले की जांच की गई तो स्पष्ट हुआ कि संबंधित निर्माण न केवल अवैध हैं, बल्कि नियमानुसार कॉलोनी विकास की किसी भी शर्त को पूरा नहीं करते। जांच रिपोर्ट के आधार पर आयुक्त ने दोनों क्षेत्रों को अवैध कॉलोनी घोषित करते हुए तत्काल प्रभाव से निर्माण हटाने के निर्देश दिए।

आदेश मिलते ही नगर निगम का अमला मौके पर पहुंचा और भारी पुलिस बल की मौजूदगी में बुलडोजर की मदद से अवैध निर्माणों को ध्वस्त कर दिया गया। कार्रवाई के दौरान क्षेत्र में हड़कंप की स्थिति रही। निगम प्रशासन ने साफ शब्दों में कहा है कि शहर में अवैध कॉलोनियों और अनधिकृत निर्माण को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। साथ ही नागरिकों से अपील की गई है कि वे किसी भी भूखंड या संपत्ति की खरीद से पहले उसके दस्तावेज, लेआउट स्वीकृति और निर्माण अनुमति की विधिवत जांच अवश्य करें, अन्यथा भविष्य में उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है।

## अवैध निर्माण पर कार्यवाही पर अनुमति के विरूद्ध निर्माण पर दोहरा रवैया क्यों



निगम की यह कार्रवाई निश्चित रूप से अवैध कब्जा करने वाले भू-माफियाओं पर दबाव बनाने वाली है, लेकिन इसी के साथ कई गंभीर सवाल भी खड़े हो रहे हैं। शहर में यह आम चर्चा है कि नगर निगम कुछ चुनिंदा अवैध कॉलोनियों पर तो सख्ती दिखा रहा है, लेकिन वहीं दूसरी ओर अनुमति के विपरीत बन रही बड़ी-बड़ी इमारतों पर आंख मूंदे बैठा है। ऐसी कई शिकायतें निगम में लंबित हैं, जिन पर आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि जिन भवनों के खिलाफ बार-बार शिकायतें की जा रही हैं, वे खुलेआम नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए निर्माणाधीन हैं। न तो स्वीकृत नक्शे का पालन किया जा रहा है और न ही निर्धारित मापदंडों का। इसके बावजूद निगम के जिम्मेदार अधिकारी मौन साधे हुए हैं। आरोप है कि कार्रवाई टालने के पीछे आर्थिक लेनदेन और कमीशनखोरी बड़ा कारण है। जब शिकायत के बावजूद अधिकारी कार्रवाई से बचते नजर आते हैं, तो यह संदेह और गहराता है कि सब कुछ "मैनेज" किया जा रहा है।स्थानीय नागरिकों का कहना है कि निगम का रवैया दोहरा है। छोटे अवैध निर्माण या कमजोर लोगों पर तो बुलडोजर चल जाता है, लेकिन रसूखदार बिल्डरों और बड़े निर्माणकर्ताओं के खिलाफ कार्रवाई शून्य नजर आती है। स्थिति यह हो जाती है कि पहले भवन पूरा बनने दिया जाता है, फिर बाद में कंपाउंडिंग की प्रक्रिया के जरिए मामले को रफा-दफा करने की कोशिश की जाती है। इससे न केवल नियम-कानून का मजाक उड़ता है, बल्कि नगर निगम की साख भी बुरी तरह प्रभावित होती है।शहर के जागरूक नागरिकों और सामाजिक संगठनों का मानना है कि निगम के इंजीनियरों और संबंधित अधिकारियों को कमीशनखोरी से ऊपर उठकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए। नियम-कानून को ताक पर रखकर किए जा रहे निर्माण कार्यों पर समय रहते रोक लगाई जाए, तभी शहर को अवैध संपत्तियों के गढ़ बनने से बचाया जा सकता है। आज की कार्रवाई एक सकारात्मक उदाहरण है, लेकिन यह तभी सार्थक मानी जाएगी जब इसी तरह की सख्ती हर अवैध निर्माण पर समान रूप से दिखाई दे।नगर निगम नगर निगम छिंदवाड़ा के आयुक्त यदि इसी मुस्तैदी और निष्पक्षता के साथ पूरे शहर में निगरानी रखें और भ्रष्ट अधिकारियों पर भी सख्त कार्रवाई करें, तो निश्चित रूप से अवैध कॉलोनियों और अनधिकृत भवनों पर लगाम लगाई जा सकती है। अन्यथा चुनिंदा कार्रवाई से केवल संदेश जाएगा कि नियम केवल कुछ लोगों के लिए हैं, सभी के लिए नहीं।कुल मिलाकर, आज की कार्रवाई ने एक उम्मीद जरूर जगाई है, लेकिन साथ ही यह मांग भी तेज हो गई है कि नगर निगम बिना किसी भेदभाव के हर उस निर्माण पर बुलडोजर चलाए, जो नियमों के खिलाफ खड़ा है। तभी शहर का सुनियोजित विकास संभव हो पाएगा और निगम की विश्वसनीयता बनी रही। अनुमति के विरूद्ध गुलाबरा मेन रोड पर बन रही बिल्डिंग पर भी कोई कार्यवाही नहीं हुई है।

# छिंदवाड़ा के अंबर होटल में गैंगरेप, कानून-व्यवस्था पर करारा तमाचा



**छिंदवाड़ा।** शहर के स्टेशन रोड स्थित होटल अंबर में युवती के साथ गैंगरेप की सनसनीखेज घटना ने पूरे शहर को झकझोर कर रख दिया है। पार्टी के बहाने होटल बुलाकर युवती को बीयर पिलाई गई और नशे की हालत का फायदा उठाते हुए दो युवकों ने बारी-बारी से दुष्कर्म किया। यह घटना न सिर्फ इंसानियत को शर्मसार करती है, बल्कि शहर की कानून-व्यवस्था और होटल प्रबंधन की भूमिका पर भी गंभीर सवाल खड़े करती है।पीड़िता के अनुसार आरोपी युवक उसे पार्टी का झांसा देकर अलका टॉकीज के पास स्थित अंबर होटल ले गए। वहां पहले शराब पिलाई गई और जब युवती ने विरोध किया तो जबरदस्ती की गई। मामला सामने आने के बाद थाना कोतवाली छिंदवाड़ा में गैंगरेप का अपराध दर्ज किया गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी दुर्गेश हरोड़े को हिरासत में ले लिया है, जबकि दूसरा आरोपी अतुल घोरसे अब भी फरार है।सबसे गंभीर और चौंकाने वाली बात यह है कि जिस होटल में यह जघन्य अपराध हुआ, वहां पहले से ही बिना आईडी के कमरों के आवंटन और बेहद कम दामों पर ठहराने की शिकायतें लगातार सामने आती रही हैं। इसके बावजूद होटल प्रबंधन पर न तो कोई ठोस कार्रवाई हुई और न ही नियमित जांच। सवाल यह है कि क्या होटल ऐसे अपराधों के लिए सुरक्षित ठिकाने बनते जा रहे हैं?यह मामला केवल दो आरोपियों तक सीमित नहीं है। यह पूरे सिस्टम पर करारा तमाचा है होटल प्रबंधन की लापरवाही, प्रशासन की ढिलाई और पुलिस निगरानी की कमजोरी सब उजागर हो गई है। अगर समय रहते होटलों की सख्त जांच होती, आईडी अनिवार्य होती और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जाती, तो शायद यह वारदात रोकी जा सकती थी।शहर में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। लोग मांग कर रहे हैं कि फरार आरोपी को तुरंत गिरफ्तार किया जाए, होटल अंबर का लाइसेंस निरस्त किया जाए और ऐसे सभी होटलों की सघन जांच हो, जहां नियमों की खुलेआम अनदेखी हो रही है। यह सिर्फ एक युवती की अस्मिता का सवाल नहीं, बल्कि पूरे शहर की सुरक्षा और भरोसे का मामला है। अब देखना यह है कि प्रशासन इस घटना को एक और फाइल बनाकर छोड़ देता है या वास्तव में दोषियों और सिस्टम की खामियों पर कठोर प्रहार करता है।

## प्राचीन एवं पांरपरिक खेलों को आगे बढ़ाने के लिए संकल्पित प्रदेश सरकार : सांसद

**छिंदवाड़ा।** पट प्रतियोगिता सिर्फ एक खेल नहीं बल्कि हमारे किसानों की संस्कृति और उनकी मेहनत का प्रतीक है। ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष अवसरों पर इनका भव्य आयोजन किया जाता रहा है। प्राचीन एवं पांरपरिक खेलों को आगे बढ़ाने के लिए प्रदेश सरकार संकल्पित है। यह बात सांसद बंटी विवेक साहू ने ग्राम भानादेही में आयोजित विशाल बैलगाड़ी पट प्रतियोगिता के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। इस अवसर पर सांसद बंटी विवेक साहू ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में पट प्रतियोगिता जैसे पांरपरिक खेलों ने आज भी ग्रामीण परिवेश की भावनाओं को जीवित रखा है। इस तरह के आयोजन लगातार आयोजित किए जाने चाहिए। ऐसे आयोजन होने से ग्रामीणों की एकता और पारंपरिक खेलों को महत्व मिलता है। विदित हो कि पारंपरिक खेलों की कड़ी में ग्राम अतरवाडा भानादेही में विशाल बैल गाड़ी पट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इस प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

## तीन युवक गिरफ्तार, गंभीर धाराओं में मामला दर्ज



**छिंदवाड़ा।** हिंदू गर्जना रैली के बाद शुरू हुआ बयानबाजी का दौर पूरे छिंदवाड़ा के माहौल को गरम कर चुका है। टी राजा और गोंडवाना के भाषणों के बाद शहर में हिंदू शेर के नाम से पहचाने जाने वाले युवा नेता अरविंद राजपूत के बयान ने इसी गर्मी को और बढ़ा दिया है। मामला इतना बढ़ चुका है कि युवा नेता अरविंद राजपूत के बयान को अपनी स्टोरी में रखने वाली युवती को शहर के तीन युवाओं ने रेप करने और भयानक अंजाम देखने की धमकी दे डाली। साथ ही युवा नेता अरविंद राजपूत को नुकसान पहुंचाने की बात कही। मंगलवार देर शाम इस घटनाक्रम की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में युवा थाना कोतवाती में जमा हुए और धमकाने वालों पर मामला दर्ज करने की मांग रखी। देर रात तीनों आरोपियों को पुलिस ने घर से उठा लिया और गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। फोन पर युवती को स्टोरी हटाने, रेप करने और हिंदू शेर अरविंद राजपूत को मारने की धमकी देने वाले पुराना बैल बाजार निवासी राजा खान, बिलाल खान पिता रियाज खान और काराबोह देहात थाना क्षेत्र निवासी शेख शंजिल पिता मोहम्मद तौफीक पर मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों पर धारा 396 ए, 79, 351, 1961 बीएनएस और एसटीएससी की धारा 31 द, 31 ध 325 के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी मुलताई थाना क्षेत्र के रहने वाले है।

## भगवान सहस्त्रबाहु मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन

**सौसरः** नगर के सिविल लाइन स्थित भगवान राज-राजेश्वर सहस्त्रबाहु मंदिर में डहरवाल कलार समाज के तत्वावधान में चार दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन समाज की अटूट श्रद्धा, संगठन की शक्ति और सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक बनकर उभरा है। गुरुवार को कार्यक्रम का श्रीगणेश विधि-विधान के साथ वेदी पूजन एवं गणपति पूजन कार्यकर्म होंगा,इस दौरान आचार्य प्रवर के मार्गदर्शन में मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अर्चना के साथ में विधिवत शुभारंभ किया जाएगा, आगामी चार दिनों तक मंदिर परिसर में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान, विशेष पूजन, हवन और शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी, जो भक्तिमय वातावरण को और भी जीवंत बनाएंगे। आयोजन कमेटी के प्रांतीय सचिव राजू बाविस्टाले, समिति अध्यक्ष आशीष लोणारे, उपाध्यक्ष विजय लोणारे मौजूद रहे।

# दिनदहाड़े चोरी की रेत ले जा रहे ट्रक को टीआई तामिया ने पकड़ा

## खनिज निरीक्षक एवं तामिया राजस्व विभाग की कार्य प्रणाली पर खड़े हुए सवाल

हरिभूमि इम्पेक्ट



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

तामिया तहसील में खनिज एवं राजस्व विभाग के संरक्षण में रेत की चोरी बरसों से लगातार होती चली आ रही है, ना तो इस और इस क्षेत्र की खनिज निरीक्षक ने कोई कार्रवाई नही की जिसका नतीजा यह होता चला आया कि अब रेत चोरी करने वालो के हौसले इतने बुलंद हो गए। हरिभूमि की खबर एवं भाजपा मंडल की लिखित शिकायत के बाद भी रेत चोरी बंद करने तैयार नहीं। सनद रहे इस रेत की चोरी में भाजपा एवं कांग्रेस के नेता शामिल है, लेकिन भाजपा मंडल की लिखित शिकायत के बाद भी राजस्व एवं खनिज विभाग रेत चोरी पर अंकुश लगाने तैयार नहीं है।

भाजपा मंडल ने ओवरलोड रेत के वाहनों पर कार्यवाही करने हेतु टी आई तामिया को पत्र लिखा था टी आई ने पत्र मिलते ही रेत चोरों पर धर पकड़ की लेकिन भनक लगते ही ये भूमिगत हो गए थे, लेकिन आज लगभग प्रातः 9:00 बजे रेत चोरी के ट्रक आने की सूचना मिली प्राप्त जानकारी के अनुसार टीआई ने तामिया घाट पर चोरी की रेत ला रहे ट्रक को रोका और उसके चालक से रॉयल्टी संबंधी पूछताछ की नहीं बतलाये जाने की दशा में ट्रक को तामिया थाने में खड़ा किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त रेत के ट्रक को राजस्व विभाग को सौंप दिया। इस तरह हरिभूमि लगातार रेत की चोरी के समाचार प्रकाशित कर रहा था, आज पकड़े गए ट्रक से उस पर एक बार फिर मोहर लगी और दिन में हो रही रेत. चोरी की पुष्टि भी हुई और खनिज एवं राजस्व विभाग की कार्य प्रणाली पर दिन में पकड़ा गया ट्रक सवाल खड़े कर गया कि कलेक्टर के निर्देश और भाजपा मंडल तामिया की शिकायत के बाद भी ये दोनों विभाग जिनकी जिम्मेदारी रेत चोरी रोकने की है वो अघोषित रूप से रेतःचोरों के सहयोगी ही साबित हुए इस पर जिला कलेक्टर को संज्ञान लेकर तामिया तहसीलदार एवं खनिज निरीक्षक को कम से कम कारण बताओ नोटिस तो जारी करना चाहिए जिससे आने वाले दिनों में इनके अघोषित संरक्षण में रेत की चोरी दोबारा शुरू ना हो।

# राजस्व विभाग की कार्यवाही के बाद भी ठेकेदार ले रहे थे निर्माण में नदी का पानी

## पंचायत सचिव ने मोटर वायर पाइप जप्त कर बनाया पंचनामा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

तामिया तहसील में इक्का-दुक्का विभाग को छोड़ दे तो यहां की नौकरशाही निरंकुश एवं मनमाने तरीके से नौकरी कर रही है। इसके कई उदाहरण है ऐसा ही एक उदाहरण इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है कि पिछले महा पंचायत सचिव एवं पटवारी ने पुराने मिडिल स्कूल परिसर में दो छात्रावास निर्माण बन रहे हैं, जिनकी कार्यकारी एजेंसी विभाग कौन है, इसका कोई उल्लेख नहीं है। यह भी नौकरशाही की मनमानी का जीता जागता उदाहरण है क्योंकि निर्माण कार्य जिस स्तर से कराया जा रहा है उससे लगता है कि ठेकेदारों को किसी का डर नहीं है क्योंकि ठेकेदारों द्वारा पीछे वाली नदी मैं संचित जल जो जीव जंतु पशु पक्षियों के लिए उपयोग में आता है उसे निर्माण कार्य में उपयोग कर रहे थे, जिसका समाचार हरिभूमि ने प्रकाशित किया था, जिस पर कार्रवाई हुई थी और एसडीएम जुन्नारदेव ने प्रकरण दर्ज करने के निर्देश दिए थे लेकिन उनके निर्देश हवा हुए और ठेकेदारों ने पुनः नदी के संचित जल को अपने निर्माण मै उपयोग करना शुरू किया यह सिलसिला लंबे दिनों से चल रहा था। ग्रामीण की शिकायत पर आज पंचायत के कर्मचारी निर्माण स्थल के पीछे नदी पर पहुंचे जहां पर पनडुब्बी से ठेकेदार निर्माण में संचित जल का उपयोग करते पाया गया जिसका उन्होंने आज पंचनामा बनाकर पनडुब्बी मोटर बायर पाइप जप्त किया लेकिन सवाल यह खड़ा होता है कि एसडीएम की मनाही पंचायत सचिव की कार्रवाई के बावजूद ठेकेदार किसकी दम पर मनाही के बाद नदी के पानी का उपयोग कर रहा था। इस तरह सिद्ध हो गया कि तामिया में नौकरशाही या तो काम नहीं करती या जनहित का नुकसान करने वाले के पक्ष में खड़ी रहती है कम से कम आज हुई इस करवाई से तो यही सिद्ध होता है।

## नपाप दमुआ की घोर लापरवाही बड़ी दुर्घटना की देखी जा रही राह

# आखिर कौन होगा सड़क पर बिखरी गिट्टियों का जिम्मेदार ?



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ, दुर्गाप्रसाद ठाकुर

नगर पालिका दमुआ के नगरीय क्षेत्र वार्ड एरिया क्षेत्र मे बेधडक सी.सी. सडक सीमेट रोड का निर्माण कार्य चल रहा है जिसमें सडक निर्माण कार्य के चलते रेत एवं गिट्टीयों का ढेर सडक पर लगा दिया जा रहा है जिससे आने जाने वाले राहगीर एवं वाहन चालको को सडक पर पडी गिट्टीयां वाहनो के गुजरने पर उछल कर लग रही है और वाहन चालक फिसल कर दुर्घटनाग्रस्त हो रहे है ।

ऐसा ही आलम रहा तो कोई भी बडी दुर्घटना घटित हो सकती है जबकि इसके पूर्व में भी ऐसा ही दृश्य रेन बसेरा के पास सडक निर्माण ठेकेदार बी.जी. कन्स्ट्रक्शन के द्वारा सडक निर्माण कार्य के लिए मटेरियल सडक पर गिट्टी डम्प करवा दिया था जो सडक पर फैली नजर आ रही थी जबकि सडक पर पडी गिट्टीयां से आने जाने वाले वाहन चालक कई बार दुर्घटना ग्रस्त होते होते बच गये अक्सर सडक पर पडी गिट्टीयां दुर्घटना को न्योता देते नजर आते है।

मिली जानकारी के अनुसार सडक का निर्माण कार्य बी.जी. कस्ट्रक्शन ठेकेदार के द्वारा रात्रि कालीन समय में गुपचुप तरीके से हर वार्डो में सडके बनाई जा रही है इससे गुणवत्ता पर प्रश्नचिन्ह लग रहे है मनमाने तरीके से सडको का निर्माण कार्य गुणवत्ताहीन तरह से किया जाना और न.पा. दमुआ के संबंधित अधिकारी एवं जनप्रति निधियों का इस ओर ध्यान नही है।

इससे ऐसा लगता है कि सांठगांठ तरीके से सडको का निर्माण कार्य किया जा रहा है कमीशन के चक्कर में वार्डो में सडको का निर्माण कार्य घटिया तरीके से किया जा रहा है। जबकि न.पा. दमुआ के संबंधित अधिकारी एवं बी.जी. कस्ट्रक्शन ठेकेदार की घोर लापरवाही नजर आ रही है।

## शातिर लुटेरे मोबाइल का इस्तेमाल नहीं करते

# लुटेरों ने अमरावती में 5 माह में की 29 वारदातें



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

गत दिवस शहर के 5 घरों में डरा धमका कर लूट की कोशिश करनेवाले 12-15 आरोपियों ने पांढुर्णा से सटे हुए महाराष्ट्र के अमरावती जिले में बीते 5 माह में लूट की 29 वारदातों को अंजाम दिए जाने की सनसनीखेज जानकारी सामने आयी है। इसके सिवाय पांढुर्णा में रात्रि डेढ से सुबह 4 बजे तक नगर में सेंधमारी और लूट की कोशिश करनेवाले नकाबपोशों के मोबाइल इस्तेमाल नहीं करने की बात भी सामने आयी है।

इन लूटेरों की वारदातों का पैटर्न देखते हुए इनकी तीसरी खूबी उजागर होती हैवारदात के दौरान यह लूटेरे किसी पर जानलेवा प्रहार या हमला नहीं करते, बस हल्की चोटें पहुंचाकर लोगों को डरा धमका कर लूट को अंजाम देते है। इस मामले में जानकार पुलिसवालों का कहना है कि यदि किसी को गंभीर घायल कर दिया तो लूटेरों को जमानत मिलनी मुश्किल हो जाएगी। उन्हें यह पता है कि चोरी और लूट में जमानत मिलना आसान है।

हालांकि पांढुर्णा जिला पुलिस अधिक्षक सुंदर सिंह कनेश और अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक नीरज सोनी के मार्गदर्शन में पुलिस द्वारा गठित 3 दल विभिन्न दिशाओं में लूटेरों की धरपकड करने के उद्देश्य से निकले हुए है। पुलिस के तीनों दल एसपी और एडिशनल एसपी के सतत संपर्क में रहकर अपने अभियान में लगे हुए है। अपुष्ट सूत्रां से जानकारी मिली है कि पांढुर्णा में दहशत मचानेवाले लूटेरों की कुछ जानकारी पुलिस को मिल चुकी है, लेकिन मोबाइल का इस्तेमाल नहीं करने के कारण लूटेरों की लोकेशन को ट्रेस करना यानी भूंसे के ढेर में सुईं खोजने जैसा है।

### अमरावती के 5 न्यायाधिशों के आवास में सेंधमारी

हैरत की बात यह है महाराष्ट्र के अमरावती जिला पुलिस द्वारा गठित किए गए 4 स्पेशल दस्ते भी 4-5 माह में अभी तक इन लूटेरों तक नहीं पहुंच पाए है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 8-10 दिन पहले अमरावती शहर के कांतानगर इलाके में न्यायाधिशां के सरकारी आवास के रात्रि में ताले तोडकर लूट की घटना की। इन सरकारी आवासों के बाजू में न्यायालय के कर्मचारी भी निवास करते थे, लूटेरे इनके 4 आवासों भी सेंधमारी कर माल सहित रफुचक्कर हो गए है। सीसीटीवी में कैद हुए इन नकाबपोश लूटेरों का पैटर्न पांढुर्णा के लूटेरों से एकदम मिलता है। इसके पूर्व भी नकबापोशों ने अमरावती शहर में पिछले 5 माह से अपनी हरकतों से वहां की पुलिस की नाक में दम कर रखा है।

## सांसद बंटी विवेक साहू भारत-नाइजीरिया संसदीय मैत्री समूह के सदस्य बने

**छिंदवाड़ा।** वैश्विक परिवेश में भारत को पुनः विश्वगुरू बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दृढ़ संकल्पित है। इसी दिशा में आर्थिक, सामरिक, सांस्कृतिक संबंधों को मित्र देशों के साथ साझा करने के उद्देश्य से यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की सरकार लगातार काम कर रही है। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सक्रिय, लोकप्रिय और युवा सांसद बंटी विवेक साहू को एक ओर अहम जिम्मेदारी देते हुए उन्हें भारत नाइजीरिया संसदीय मैत्री समूह का सदस्य नियुक्त किया है। यह नियुक्ति छिंदवाड़ा के लिए गौरव की बात है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सांसद बंटी विवेक साहू को लोकसभा की दो प्रमुख समिति कंज्यूमर अफेयर फूड एंड पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन एवं कोयला मंत्रालय संसदीय सलाहकार समिति में पहले ही बतौर सदस्य की जिम्मेदारी दे रखी है, जिसे सांसद बंटी विवेक साहू बाखूबी निभा रहे है। वहीं भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने उन्हें वर्तमान में असम विधानसभा चुनाव की भी अहम जिम्मेदारी दी है। इसके पूर्व सांसद बंटी विवेक साहू को ग्वालियर में भाजपा संगठन के चुनाव की भी जिम्मेदारी दी गई थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा के राष्ट्रीय संगठन द्वारा दी जा रही जिम्मेदारियां सांसद बंटी विवेक साहू लगातार निभाते आ रहे है। अब भारत-नाइजीरिया संसदीय मैत्री समूह में भी सांसद श्री साहू को बतौर सदस्य जिम्मेदारी मिली है।

### भारत-नाइजीरिया संसदीय मैत्री समूह के प्रमुख उद्देश्य

सांसद बंटी विवेक साहू भारत-नाइजीरिया संसदीय मैत्री समूह के सदस्य नियुक्त किए गए है। यह समूह भारत और नाइजीरिया के बीच बेहतर संबंधों को निभाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। भारत-नाइजीरिया संसदीय मैत्री समूह का मुख्य उद्देश्य दोनों देशों की संसदों के बीच संवाद और सहयोग को बढ़ावा देना है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने फरवरी 2026 में 64 देशों के साथ इन समूहों का गठन किया है, जिसमें एम. थम्बीदुरै को नाइजीरिया समूह का प्रमुख नियुक्त किया गया है।

### इस समूह के प्रमुख कार्य

भारत-नाइजीरिया संसदीय मैत्री समूह के कई महत्वपूर्ण कार्य है। जिसमें प्रमुख रूप से संसदीय कूटनीतिः पारंपरिक सरकारी कूटनीति के पूरक के रूप में "सांसद-से-सांसद" सीधे संवाद को बढ़ावा देना। अनुभवों का साझाकरणः दोनों देशों के सांसद अपनी विधायी प्रक्रियाओं, संसदीय प्रथाओं और लोकतांत्रिक मूल्यों पर चर्चा और अनुभव साझा करते हैं।

## चौराहों पर हाई मास्ट लाइट जाहिदा जारत खान की पहल

**जुन्नारदेव :** जुन्नारदेव जनपद क्षेत्र के ग्राम दातलावाड़ी में इन दिनों विकास की नई तस्वीर दिखाई दे रही है। जनपद सदस्य जाहिदा जारत खान के नेतृत्व में नाली निर्माण, सड़क निर्माण और स्ट्रीट लाइट जैसे काम तेजी से पूरे किए जा रहे हैं।इसी कड़ी में अब दातला मुख्य मार्ग पर भव्य प्रवेश द्वार स्थापित किया गया है ।और चौराहों पर हाई मास्ट लाइट लगाए जाने से पूरे क्षेत्र की रौनक बढ़ गई है। ग्रामीणों में इसे लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है।ग्रामीणों का कहना है कि इन विकास कार्यों के पीछे पूर्व जिला पंचायत सदस्य और जनपद सदस्य जारत खान की लंबे समय से चली आ रही सक्रियता और मार्गदर्शन भी बड़ा कारण है। वे वर्षों से क्षेत्र के लोगों के सुख-दुख में साथ खड़े रहते आए हैं और विकास के मुद्दों को लगातार उठाते रहे हैं।स्थानीय लोगों के अनुसार अब क्षेत्र में लगातार हो रहे कार्यों से दातलावाड़ी की पहचान बदलती नजर आ रही है।

## संकल्प से समाधान शिविर में 129 हितग्राही लाभान्वित, 60 लाख रुपये की सहायता वितरित



**जुन्नारदेव।** शासन के निर्देशानुसार "संकल्प से समाधान अभियान" के द्वितीय चरण के अंतर्गत बुधवार को नगर पालिका जुन्नारदेव परिसर में क्लस्टर शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 129 पात्र हितग्राहियों को लगभग 60 लाख रुपये की लागत से प्रधानमंत्री आवास योजना, पेंशन, स्वनिधि योजना एवं अनुग्रह सहायता राशि प्रदान की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विवेक चंद्रवंशी अपनी समिति सदस्य सभापति संजय जैन एवं पूर्व विधायक नथन शाह ने केंद्र व राज्य सरकार कीजनकल्याणकारी योजनाओं से आमजन के जीवन में आए सकारात्मक बदलावों को रेखांकित किया। नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे ने लाभान्वित हितग्राहियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सरकार हर नागरिक के सुख-दुख में साथ खड़ी है। रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना और जीवन स्तर को ऊंचा उठाना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है।इस अवसर पर नपा उपाध्यक्ष सोनिया कुमरे, जिला मंत्री स्मृति यादव, वरिष्ठ नेता दर्शन मिगलानी, श्रीकिशन बारेया, महामंत्री अनिरुद्ध चटर्जी, सपना पाल, संजय जैन, अमित यादव, दीप्ति साहू, लता टांडेकर, अरुणेश जायसवाल,सुमन यादव,गीता वाईकर सहित सभापति, पार्षद, नगर पालिका के कर्मचारी, पात्र हितग्राही एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## जिलास्तरीय रोजगार मेला, 57 का हुआ चयन, कलेक्टर वशिष्ठ की रही पहल

**पांढुर्णा।** आज 25 फरवरी को स्थनीय पीएम कालेज ऑफ एक्सीलेंस साइंस कॉलेज में जिला कलेक्टर के निर्देश पर जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र दिंदवाडा एवं शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षकण संस्था पांढुर्णा के सौजन्य से जिलास्तरीय युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार और अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया किया गया। इस मेले का शुभारंभ कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ तथा जिला पुलिस अधिक्षक सुंदर सिंह कनेश और कॉलेज प्राचार्या डॉ. शहनाज खान के प्रमुख उपस्थिति में हुआ। इस रोजगार मेले में रेमंड इंडिया, ड्रायटेक प्रोसेसिंग लि. पांढुर्णा, जीवन बीमा निगम, इंडो मल्टी साल्युशंस नागपुर, सोलर इंडस्ट्रीज इंडिया और अनेक कंपनियों ने सहभागिता की। इस मेले में कुल 147 छत्र छात्राओं ने रोजगार हेतु पंजियन किया जिसमें से प्रथम चरण में 57 युवकों का चयन हुआ। इस अवसर पर मंच संचालन डॉ. किशोर पराडकर प्रभारी स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ एवं विशेष सहयोग भोजराज कराले द्वारा किया गया। इस रोजगार मेले में छिंदवाडा और पांढुर्णा जिले से अनेक अधिकारीगण मौजूद रहे।

## भारद्वाज परिवार द्वारा श्रीमद देवी भागवत ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन

**छिंदवाड़ा-** चौरई विधानसभा के अंतर्गत ग्राम लिखड़ी मे श्रीमद देवी भागवत ज्ञान यज्ञ का भव्य धार्मिक आयोजन 18 फ़रवरी सें प्रारम्भ हुआ है और यह भव्य एवं दिव्य आयोजन का समापन 26 फ़रवरी को किया जाएगा ।गौरतलब है कि भारद्वाज परिवार के द्वारा लिखड़ी मे श्रीमद देवी भागवत ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है जिसमे ग्राम एवं क्षेत्र के धार्मिक आस्था रखने वाले लोग शामिल हो रहें है एवं श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ मे पहुंचकर कथा का श्रावण कर अपने जीवन के लिए पुण्य लाभ अर्जित कर रहें है और अपने जीवन को सफल बना रहें है ।जानकारी मे बताया गया कि आचार्य श्री क्षितिज जी महाराज जी शारदापीठ द्वारका गुजरात सें है जो अपने सुन्दर मुखरबिंद सें सुन्दर देवी भागवत का रसपान करा रहें है वही हारमोनियम एवं गायक मुकेश यदुवंशी, तबला बादक मयूर, बांसुरी बादक सुरीली धुन सें भक्तो को आनंदित कर रहें है ।कथा स्थल मे पंडल के नीचे भक्तगण देवी भागवत का श्रवण करते हुए ऐसे सुशोभित हो रहें है जैसे दीपक के जलते ही अंधेरा गायब हो जाता है कहने का तात्पर्य यह है कि देवी भागवत का श्रवण करके भक्तगण अपने जीवन को प्रकाशमान कर रहें है ।भारद्वाज परिवार ने क्षेत्र के सभी धार्मिक बंधुओ सें अपील किया है कि इस दिव्य एवं भव्य आयोजन मे पहुंचकर कथा का श्रवण करके अपने जीवन को सफल बनाये ।

## नि:शुल्क रक्तदान शिविर का सफल आयोजन, 34 यूनिट रक्त संग्रहित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ

दमुआ पनारा ग्राम पंचायत में ग्राम विकास एवं जनजागरण एसोसिएशन द्वारा निःशुल्क रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक संचालित हुआ, जिसमें छिंदवाड़ा से विशेष मेडिकल टीम को आमंत्रित किया गया।मेडिकल टीम में डॉ. सौरभ सिंह (मेडिकल ऑफिसर), दिनेश कोकाटे (फार्मासिस्ट), डॉ. हर्षिता, हितेंद्र, प्राची, राहुल, मोहित, अखिलेश, नंदनी और गीता रॉय शामिल थे, जिन्होंने रक्तदाताओं की जांच कर सुरक्षित रूप से रक्त संग्रह किया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक नाथनशाह कवरेती रहे, जबकि पनारा के सरपंच गणेश प्रसाद सरयाम की भी विशेष उपस्थिति रही। विशिष्ट अतिथि के रूप में संजय वाल्मिक और मनोज ठाक भी उपस्थित रहे।इस आयोजन को सफल बनाने में बीएमओ डॉ. सुरेश नागवंशी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। साथ ही, वेकोली कान्हन क्षेत्र के क्षेत्रीय उपमहाप्रबंधक का भी विशेष सहयोग रहा, और श्री देवानंद बहाने (क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधन, मानव संसाधन) का भी योगदान रहा।रक्तदान शिविर के आयोजक श्री जसवंत सिंह थे। सहयोगियों में आरिफ अली, दीपक नागले, रविकांत पाठक, प्रकाश गुलबाके, मोहम्मद सरफराज, विशाल नागलिगम, मोहम्मद सलीम मंसूरी, राजेश श्रीवास्तव, शेरखान, दीपक तेलगोटे, रमेश्वर, रवि किरण यादव, बदरखान, प्रशांत तथा पनारा के जनपद सदस्य मोहसिन चिश्ती और मलिक उपस्थित रहे।शिविर में महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मिस अदा, मिस फलक, श्रीमती ज्योति नागले और श्रीमती गीता साल्वे ने भी रक्तदान कर समाज को प्रेरित किया।शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों और शासकीय कर्मचारियों ने उत्साह से रक्तदान किया, जिसमें कुल 34 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## सतलोक आश्रम में होगा बोध दिवस का तीन दिवसीय आयोजन

**दमुआ।** जगतगुरू तत्वदर्शी सन्त रामपाल जी महाराज एवं परम संत गरीबदास जी महाराज के 100 वां बोध दिवस के उपलक्ष्य मे विभिन्न कार्यक्रम जैसे दहेज मुक्त विवाह, निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, आंखो व दांतो का निःशुल्क इलाज जांच , रक्तदान शिविर, निःशुल्क नाम दीक्षा , आध्यात्मिक प्रर्दशनी की भव्य प्रस्तुती , विशाल भण्डारे का आयोजन कार्यक्रम जैसे होना है । बोध दिवस का आयोजन दिनांक 26, 27, 28 फरवरी 2026 को तीन दिवसीय कार्यक्रम होगा आयोजन मुख्य रूप से सतलोक आश्रिम उड़दन बैतूल मे किया गया है।

## पूर्व मंत्री नर्बदा प्रसाद श्रीवास्तव की धर्मपत्नी का निधन



**लांजी।** मध्य प्रदेश शासन के पूर्व मंत्री एवं विधानसभा के पूर्व उपाध्यक्ष स्व. श्री नर्बदा प्रसाद श्रीवास्तव की धर्मपत्नी कुसुम श्रीवास्तव (80) का आज सुबह 5:00 बजे भोपाल स्थित उनके निवास पर निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार भोपाल में संपन्न हुआ। कुसुम श्रीवास्तव समाजसेवी किशनप्रकाश श्रीवास्तव और एडवोकेट विजयप्रकाश श्रीवास्तव की माता थीं। ईश्वर दिवंगत आत्मा

# गांव को नशा मुक्त बनाने की गई पहल, डोंगरमाली में निकाली गई जनजागरूकता रैली

### नशा हटाओ, बेटा बचाओ का दिया गया संदेश

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



जनपद पंचायत वारासिवनी अंतर्गत ग्राम पंचायत डोंगरमाली के निकट स्थित बिरसा मुंडा समिति ढीमरटोला भेंडारा के तत्वावधान में नशा मुक्ति को लेकर ग्रामीणों में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से विशेष जनजागरूकता रैली निकाली गई। बेटा बचाओ, नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के अंतर्गत बेटा बचाओ राष्ट्रीय अभियान के अध्यक्ष ईश्वर उमरे, जिला अध्यक्ष श्रीमती सरिता भीमटे, ब्लॉक अध्यक्ष श्रीमती ललिता राउत, रंजीता फूलमारी, प्रिया नेवारे, कृपाल सिंह लिल्हारे, सामाजिक कार्यकर्ता भरत शिवहरे, जनपद सदस्य अनिल उइके, सेवानिवृत शिक्षक डालीराम पुसामे, बी आर सिरसाम, सरपंच प्रफुल्ल नगपुरे सहित ग्राम के वरिष्ठजन सामाजिक कार्यकर्ता के नेतृत्व में विशाल रैली निकाली गई।

इस रैली का शुभारंभ ग्राम डोंगरमाली में भगवान बिरसा मुंडा, रानी अवंती बाई की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। रैली में शामिल समिति की महिलाओं व युवाओं के हाथों में हर नारी का एक ही सपना, नशा मुक्त देश हो अपना लिखा तख्तिया थी और वह सब नारे लगाते हुए चल रहे थे। पूरे ग्राम का भ्रमण करने के बाद रैली एक सभा के रूप में परिवर्तित हो गई।

इस अवसर पर बेटा बचाओ राष्ट्रीय अभियान के अध्यक्ष ईश्वर उमरे ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि आज नशा हमारे समाज को खोखला कर रहा है। हमारी युवा पीढ़ी आज नशे के गिरफ्त में आकर पूरा जीवन बर्बाद कर रही है। बेटा बचाओ अभियान के माध्यम से युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, उन्हें मार्गदर्शन दिया जा रहा हैं। आज समाज में जितने भी अपराध हो रहे हैं, इसका मुख्य कारण नशा है।

उन्होंने ग्राम ढीमरटोला भेंडारा की महिला शक्ति और ग्रामीणजन की सराहना करते हुए कहा कि यह छोटी सी चिंगारी भविष्य में युवाओं, बेटों को बचाने के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। आज समाज को सामने आने की आवश्यकता हैं, भेंडारा के ढीमर टोले के प्रयास का अन्य गांवों तक भी संदेश जायेगा। उन्होंने सभी से आव्हान किया कि बेटा बचाओ अभियान व नशा मुक्ति के अभियान में जरूरत होगी, वह हमेशा खड़े रहेगे। जब तक नशा घर में रहेगा, तब तक सुख चैन नहीं रहेगा थीम पर आधारित इस रैली के माध्यम से नशे की सामाजिक बुराई को जड़ से समाप्त करने का निर्णय लिया गया।

समिति संरक्षक ईश्वरी पुसामे ने बताया कि कि वह नशे के बढ़ते हुए प्रभाव को देखते हुए देख रहे थे कि युवा भी नशे की चपेट में आ रहे हैं, इसके लिए उन्होंने गांव की महिला शक्तियों के प्रयासों से एक बैठक आयोजित की। महिला शक्तियों ने इस आवाज को बुलंद की और भेंडारा टोले में प्रतिबंध लगाया जा रहा है।

बिरसा मुंडा समिति ढीमर टोला की अध्यक्ष शीलाबाई उइके ने बताया कि हर दिन परिवार में लड़ाई झगड़ा हो रहे थे, जिसको देखकर हमारी महिला बहनों ने सोचा कि अब कुछ निर्णय लेना पड़ेगा। इसको लेकर नशा मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है, इसमें गांव में महिलाओं ने गांव को शराब मुक्त बनाने की ठानी है और बड़ी संख्या में महिलाएं इसमें सहयोग कर रही है।

## मिरगपुर में संकल्प से समाधान शिविर का हुआ आयोजन, शिविर में 10 ग्राम पंचायत हुई सम्मिलित



**हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।** जनपद पंचायत खैरलांजी के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत मिरगपुर में 25 फरवरी बुधवार को संकल्प से समाधान शिविर का आयोजन किया गया । इस दौरान शिविर में हितग्राहीयो के द्वारा पूर्व में समस्याओ लेकर किए गए आवेदनो का वाचन किया एंव उनका समाधान किया गया । ताकि पात्र हितग्राही तक लाभ आसानी से पहुंचाए जा सके ।संकल्प से समाधान शिविर में सेक्टर के अंतर्गत आने वाली मिरगपुर , मोहगांवघाट, सावरगांव, पुलपूट्टा, छतेरा, शंकरपिपरिया, टूईयापार, चिचोली, मोवाड, मोहगांव बैजू सहित करीब 10 ग्राम पंचायते सम्मिलित हुई। बताया गया की सकंल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत 12 जनवरी से 15 फरवरी तक सेक्टर की दस ग्राम पंचायतो में ग्रामीण हितग्राहीयो के द्वारा 975 समस्याओ को लेकर आवेदन जमा पंचायत स्तर पर किए थे। पंचायत स्तर की समस्याओ के आवदेनो का समाधान पंचायत स्तर पर किया गया ताकी हितग्राही लाभान्वित हो जाए तथा अन्य विभागो के आवेदन भी जमा हुए । इस अवसर पर मिरगपुर सरपंच दिपक देशमुख, नोडल अधिकारी विरेन्द्र मर्सकोले, के .के कुसाम पीसीओ जनपद पंचायत खैरलांजी ,सचिव कोमल देशमुख मिरगपुर, मोहन भोंडे मोहगांवघाट, कुलदीप ढोमने सचिव बैजू मोहगांव, भूषण वाघाडे सचिव छतेरा, योगेंद्र धुवारे सचिव मोवाड, जीआरएस सावरगांव चंद्रमणी, मनोज साहू मिरगपुर जीआरएस, ओमप्रकाश भैरम जीआरएस गुडरूघाट एंव अन्य सचिव व रोजगार सहायक सहित अन्य विविध विभाग के पदाधिकारी व ग्रामीण मौजूद रहे।

## दिव्यांग जन कल्याण संघ का 8वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया



### 'दिव्य ज्योति पुरस्कार 2026' की घोषणा; पत्रकार गोल्डी अशोक बिसेन होंगी सम्मानित

हरिभूमि न्यूज लांजी।

प्रदेश की प्रतिष्ठित संस्था दिव्यांग जन कल्याण संघ ने अपना 8वां स्थापना दिवस संघ कार्यालय में मनाया। भारत माता पूजन और अध्यक्ष तन्मय मिश्रा द्वारा तिरंगा फहराकर कार्यक्रम की शुरुआत हुई। बिना शासकीय सहायता के 8 वर्षों से दिव्यांग एवं महिला सशक्तिकरण में सक्रिय संघ ने इस अवसर पर 'दिव्य ज्योति पुरस्कार 2026' की घोषणा की। यह पुरस्कार अध्यक्ष की दिवंगत माता स्व. ज्योति मिश्रा की स्मृति में 2024 से प्रतिवर्ष अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर उत्कृष्ट मातृ शक्तियों को दिया जाता है।चयन समिति के निर्णयानुसार यह सम्मान किरनापुर की पत्रकार कु. गोल्डी अशोक बिसेन को 8 मार्च को संरक्षक श्रीमती परमिला देवीचरण जी ठाकरे द्वारा प्रदान किया जाएगा। अध्यक्ष ने सदस्यों के सेवा कार्यों की सराहना की।कार्यक्रम में उपाध्यक्ष श्री वीरेंद्र ठाकरे, सचिव रूपेश कुमार कुथे, कोषाध्यक्ष कु सुनीता बिसेन, संयुक्त सचिव सुश्री अनीता उईके, शिकायत अधिकारी पारुल ठाकरे सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### पार्षद संदीप मिश्रा ने की भूख हड़ताल स्थगित, अन्य स्थान के लिए बनाई जायेगी कार्ययोजना

# वर्तमान स्थान पर ही बैठेगे कुम्हार, नपा की बैठक में लिया गया निर्णय

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी। कुम्हारों की समस्याओं को लेकर अपनी ही परिषद के खिलाफ बुधवार 25 फरवरी से भूख हड़ताल पर बैठने वाले नगरपालिका परिषद वारासिवनी के पार्षद व लोक निर्माण विभाग समिति सभापति संदीप मिश्रा ने सीएमओ सूर्यप्रकाश उके की पहल पर उनके कक्ष में जैन बंधुओं, परिषद के पार्षदों व कुम्हारों की हुई बैठक में लिए गए निर्णय के बाद भूख हड़ताल स्थगित कर दी है।**



विदित हो कि आशा जैन द्वारा आंबेडकर चौक में स्थित उनके निवास स्थान के सामने की खाली पड़ी हुई शासकीय भूमि को कलेक्टर बालाघाट के माध्यम से धारणाधिकार नियम के तहत पट्टे पर ले ली थी। जिसके लिए उनके द्वारा नगरपालिका परिषद वारासिवनी से अनापत्ति प्रमाण पत्र लिया गया था। शासकीय भूमि पट्टे पर मिलने के बाद उन्होंने उस भूमि पर वर्षो से बैठने वाले कुम्हारों को वहॉ से हटाना प्रारंभ कर दिया। जिससे कुम्हारों में असंतोष फैल गया औरउन्होंने पार्षद संदीप मिश्रा व नगरपालिका अधिकारियों से इसकी शिकायत की। लेकिन समस्या का कोई समाधान नहीं निकला।

जिसके बाद पार्षद संदीप मिश्रा ने एक लिखित पत्र नगरपालिका सीएमओ, एसडीएम, नगरपालिका अध्यक्ष व पूर्व विधायक प्रदीप जायसवाल को देते हुए कुम्हारों की समस्या का समाधान शीघ्र नहीं करने पर 25 फरवरी से भूख हड़ताल पर बैठने की चेतावनी दी थी। जिसके मद्देनजर मुख्य नगरपालिका अधिकारी सूर्य प्रकाश उके ने परिषद के पार्षदों, जैन परिवार, कुम्हारों व पार्षद संदीप मिश्रा के साथ 25 फरवरी की शाम में अपने कक्ष में एक बैठक की।

बैठक में संबंधित जैन परिवार एवं कुम्हार समाज के लोगों के बीच सार्थक चर्चा हुई। जिसमें कुम्हारों के लिए व्यवसाय हेतु आरक्षित भूमि पर पूर्ववत व्यवसाय किये जाने एवं व्यवसाय में कोई व्यवधान उत्पन्न नहीं किए जाने का निर्णय लेते हुए समस्या का त्वरित निराकरण किया गया। उसके साथ ही अतिशीघ्र कार्य योजना बनाकर कुम्हारों के लिए बाजार क्षेत्र में व्यवसाय के लिए भूमि उपलब्ध करवाने का आश्वासन भी दिया गया। जिसके बाद पार्षद संदीप मिश्रा ने अपना भूख हड़ताल का निर्णय वापस ले लिया। बैठक के बाद पार्षद संदीप मिश्रा ने कहा कि उनका उद्देश्य सदैव समाज के हितों की रक्षा करना एवं स्थानीय व्यवसायियों को न्याय दिलाना रहा है। उन्होंने प्रशासन द्वारा दिए गए आश्वासन पर विश्वास व्यक्त किया। कुम्हार समाज ने इस सकारात्मक पहल का स्वागत किया है तथा आशा व्यक्त की है कि शीघ्र ही सभी समस्याओं का समाधान होगा। वहीं मुख्य कार्यपालन अधिकारी सूर्यप्रकाश उके ने कहा कि वर्षो से कुम्हार समाज के लोग वहॉ पर बैठक अपना व्यवसाय करते आ रहे है। शासन ने जैन परिवार को पट्टे पर भूमि दे दी हैं। इसीलिए उनकी व्यवस्था अतिशीघ्र ही की जायेगी। जिसके लिए कार्ययोजना तैयार की जायेगी। उन्होंने पार्षद संदीप मिश्रा द्वारा जैन परिवार को भूमि के लिए दो बार अनापत्ति देने के बारे में कहा कि उनकी जानकारी में यह बात नहीं है, क्योंकि यह उनके पहले का मामला है। फिर भी वह दूसरी अनापत्ति पत्र के बारे में जॉच करवायेगे।

## बनियाटोला में 34 वर्षीय युवक ने लगाई फॉसी, कारण अज्ञात



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** जनपद पंचायत वारासिवनी अंतर्गत ग्राम पंचायत कायदी के ग्राम बनियाटोला में एक 34 वर्षीय युवक द्वारा फॉसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई। मृतक के पड़ोसी राजकुमार कुंभारे ने बताया कि वह घर में थे, शाम लगभग 5 बजे उनके पड़ोसी मुकेश खुशियाल भगत के बच्चे चिल्लाते हुए आए और कहा कि उनके पिता जी कमरे के अंदर बंद हो गए और दरवाजा नहीं खोल रहे है। जिस पर वह बच्चों के साथ उनके घर गया और कुल्हाड़ी से दरवाजा तोडक़र कमरे के अंदर गए। तो वहॉ पर मुकेश गले में गमछा बॉध कर पंखे से लटका हुआ था। जिसे हम लोगों ने कुछ लोगों के साथ मिलकर फॉसी के फंदे से नीचे उतारा। इस घटना की सूचना ग्रामीणों द्वारा 108 एम्बुलेंस को दी गई। जिस पर 108 एम्बुलेंस के ईएमटी व पायलट तत्काल घटना स्थल पर पहुॅचे। जिन्होंने मुकेश भगत को एम्बुलेंस में रख कर शासकीय चिकित्सालय वारासिवनी में लेकर आए। जहॉ पर चिकित्सकों ने उसका परीक्षण किया और उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि फॉसी लगाने के पहले युवक अपनी पत्नि वंदना भगत व दो लड़कियों के साथ चना खा रहा था और उसके बाद उठकर कमरे के अंदर गया और फॉसी लगा ली। फिलहाल मुकेश द्वारा फॉसी लगाने का कारण अभी सामने नहीं आ पाया है। लेकिन इस घटना से उसकी पत्नि और छोटी-छोटी लड़कियों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की जानकारी मिलने के बाद वारासिवनी पुलिस भी चिकित्सालय में पहुॅच गई है और मामले की जॉच पड़ताल कर रही है।

## खबर संक्षेप



### कक्षा 9 वीं की वार्षिक परीक्षा की गोपनीय सामग्री का वितरण

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार मप्र राज्य मुक्त शिक्षा बोर्ड अंतर्गत कक्षा 09वी की वार्षिक परीक्षा का आयोजन दिनांक 02 मार्च से 17 मार्च 2026 तक दोपहर 1.30 बजे से 4.30 बजे तक किया जाना है। उनहोंने बताया कि उक्त परीक्षा की गोपनीय सामग्री का वितरण एस.एस. कुमरे जिला शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में जिले के समस्त हाईस्कूल विद्यालयों को मंगलवार को समन्वयक संस्था ने.सु.च.बो.शास.उ.मा.वि.सिवनी से वितरण किया गया। उन्होंने निर्देशित किया गया कि उक्त सामग्री को सावधानीपूर्वक संबधित विकासखंडस्तरीय उत्कृष्ट विद्यालय / सांदीपनी विद्यालय के स्ट्रांगरूम की अभिरक्षा में रखा जाना सुनिश्चित किया गया।

### सुभद्रा स्मृति कवि सम्मेलन सानंद संपन्न हुआ

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** भगवान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं प्रख्यात कवियित्री सुभद्रा कुमारी चौहान जी की स्मृति में आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन सानंद संपन्न हुआ। सर्वप्रथम कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं अध्यक्ष महोदय अन्य अतिथि गणों के द्वारा सुभद्रा जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि की आसंदी से बोलते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं कवि प्रदीप फाउंडेशन के अध्यक्ष श्री अविनाश पांडे ने कहां की सुभद्रा कुमारी चौहान जी हमारे देश की महान विभूति रही है जिन्होंने राष्ट्रभक्ति एवं वात्सल्य का संदेश अपनी रचनाओं में दिया है एवं उन्हें जिया भी है। श्री पांडे ने कहा कि सुभद्रा जी की आकस्मिक दुर्घटना में दुखद मृत्यु के कारण सिवनी वासियों से उनका एक अलग संबंध बन गया है। और आप लोगों ने उनकी स्मृति को बनाए रखा है । यह बहुत अच्छी बात है। श्री पांडे ने उनकी स्मृति को बनाए रखने एवं उनके स्मारक निर्माण में अपना योगदान देने हेतु सुभद्रा कुमारी चौहान स्मृति मंच के अध्यक्ष मोहन सिंह चंदेल की सराहना करते हुए कहा कि वे बधाई के पात्र हैं जिन्होंने सुभद्रा जी की स्मृति की मशाल को जलाए रखा है।

### शिकायत निवारण शिविर का किया गया आयोजन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** परिवहन आयुक्त के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के मार्गदर्शन में आरटीओ कार्यालय में सीएम हेल्पलाइन का शिकायत निवारण शिविर मंगलवार 24 फरवरी को परिवहन कार्यालय, सिवनी में सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के त्वरित निराकरण हेतु विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में परिवहन कार्यालय, सिवनी तथा चेक प्वाइंट, खवासा के पदाधिकारी व कर्मचारी की उपस्थिति में कुल 8 लंबित शिकायतों का निराकरण किया गया। शिकायतकर्ता ओम शंकर जांधेला शिकायत क्रमांक 36026302 की समस्या का निदान कर शिकायत को संतुष्टि पूर्वक शिकायत को बंद कराया गया। इसके अतिरिक्त अन्य पांच शिकायतें जिनका क्रमांक 36947940, 36948708, 36948917, 36949043, 36953781 हैं एवं दो शिकायतें चेक पॉइन्ट, खवासा की जिनका क्रमांक 36948898, 36948676 निराकरण किया गया।

# बाजार में दिखने लगी होली की रौनक, होलिका के साथ गिफ्ट में प्रहलाद की मूर्ति

**जिले में होली पर्व को लेकर बाजारों में रौनक दिखाई देने लगी है। मुख्य बाजार सहित विभिन्न क्षेत्रों में रंग, गुलाल, पिचकारी और पूजन सामग्री की अस्थायी दुकानें सज गई हैं। व्यापारियों के अनुसार त्योहार को लेकर तैयारियां जोर पकड़ रही हैं।**



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले में होली पर्व को लेकर बाजारों में रौनक दिखाई देने लगी है। मुख्य बाजार सहित विभिन्न क्षेत्रों में रंग, गुलाल, पिचकारी और पूजन सामग्री की अस्थायी दुकानें सज गई हैं। व्यापारियों के अनुसार त्योहार को लेकर तैयारियां जोर पकड़ रही हैं। लेकिन परीक्षाएं चलने से दुकानों पर बच्चों की ग्राहकी फिलहाल कम है लेकिन एक-दो दिन में बढने की उम्मीद व्यापारी जता रहे हैं। मूर्तिकारों द्वारा होलिका की करीब 5 फीट व प्रहलाद की करीब एक फीट की प्रतिमाएं बनाईं गईं हैं। जिसमें खास यह है कि होलिका के साथ प्रहलाद की मूर्ति बतौर गिफ्ट दी जा रही है।

जिले भर में होलिकाष्टक के साथ ही जहां नए मांगलिक कार्यो पर विराम लग गया है वहीं त्योहार की तैयारियां तेज हो गई हैं। नगर में दो दर्जन से अधिक स्थानों पर होलिका दहन होता है। मूर्तिकार दिलीप प्रजापति ने बताया कि कई समितियों ने प्रतिमाओं की भी बुकिंग करना शुरू कर दिया है। विभिन्न मोहल्लों में होलिका समितियां सक्रिय हैं। पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार आयोजन की रूपरेखा तैयार की जा रही है।

## इस बार बाजार में क्या है खास

व्यापारियों के अनुसार इस बार बाजार में हर्बल गुलाल और प्राकृतिक रंगों की मांग बढ़ रही है। बच्चों के लिए कार्टून आकृतियों वाली पिचकारी, टैंक पिचकारी और धातु रंग की आकर्षक डिजाइन उपलब्ध हैं। साथ ही रंगीन धुआं करने वाले पाउडर, पारंपरिक अबीर-गुलाल और सजावटी पूजन सामग्री भी बिक्री के लिए रखी गई है।

# नौकरी दिलाने के नाम पर 29 लाख की ठगी करने वाले मास्टर माईंड दो भाईयों को पुलिस ने पहुंचाया सलाखों के पीछे

पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता बेरोजगार युवको को नौकरी दिलाने के नाम पर धोखाधडी ठगी करने वाले अपराधियो पर कार्यवाही हेतु सक्त हैं जो इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सिवनी सचिन परते के कुशल मार्गदर्शन में कोतवाली थाना प्रभारी सतीश तिवारी के नेतृत्व में थाना कोतवाली टीम के द्वारा एफ.सी.आई. विभाग में 03 बेरोजगार युवको को नौकरी दिलाने के नाम झांसा देकर कुल 29,01,030 रुपयें लेकर धोखाधडी करने वाले दो आरोपियों पर कार्यवाही की गई है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

उल्लेखनीय है कि आवेदक अभिषेक चौरसिया पिता नन्दकिशोर चौरसिया निवासी छीतापार थाना कुरई, अनिल चौरसिया पिता धनीराम चौरसिया निवासी मरकावाडा थाना केवलारी एवं प्रभात नाग्या पिता मोतीलाल नाग्या निवासी शास्त्री वार्ड सिवनी को आरोपियों सुनील शेल्के व उसके बडे रवि शेल्के के व्दारा एफ.सी.आई.विभाग में नौकरी दिलाने एवं सरकारी विभाग मे वाहन कार लगाने का झांसा देकर घटना दिनांक 13/02/2023 से 16/06/2025 के मध्य कुल पर 29,01,030/- रुपयें स्वंय के बैंक खाते में फोन पे, नगद लेकर धोखाधडी करने एवं कूटरचित तरीके से फर्जी नियुक्ति पत्र तैयार कर आवेदको को नियुक्ति पत्र देने संबंधी शिकायत प्राप्त होने पर आवेदक अभिषेक चौरसिया,अनिल चौरसिया और प्रभात नाग्या की शिकायत जांच पर आरोपियों सुनील शेल्के और रवि शेल्के के द्वारा धोखाधडी का अपराध घटित करना पाये जाने से आरोपियों के विरुध्द थाना कोतवाली सिवनी में दिनांक 22/02/2026 को थाना कोतवाली में सुसंगत धाराओं में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया ।

प्रकरण की विवेचना के दौरान आरोपियो की तलाश पतासाजी कर आरोपियो सुनील शेल्के पिता गजानंद राव शेल्के उम्र 50 साल निवासी नेहरु रोड सुभाष वार्ड सिवनी एंव रवि शेल्के पिता गजानंद राव शेल्के उम्र 62 साल निवासी नेहरु रोड सुभाष वार्ड सिवनी को क्रमशःदिनांक 22/02/2026 एंव 23/02/2026 को गिर.कर न्यायालय के समक्ष पेश कर



ज्यूडिशियल रिमांड पर भेजा गया। आरोपी सुनील शेल्के पिता गजानंद राव शेल्के उम्र 50 साल निवासी नेहरु रोड सुभाष वार्ड थाना कोतवाली सिवनी। रवि शेल्के पिता गजानंद राव शेल्के उम्र 62 साल निवासी नेहरु रोड सुभाष वार्ड थाना कोतवाली सिवनी । एक विवो कम्पनी का मोबाईल, एक जियो कम्पनी की सिम, आरोपी के द्वारा जारी किया गया फर्जी नियुक्ति पत्र, बैंक डिटेल एवं अन्य प्रपत्र।

उक्त कार्यवाही मे निरीक्षक सतीश तिवारी,सउनि दिनेश रघुवंशी, प्र.आर. नवीन तिवारी, मुकेश गोडाने, मनोज मरावी,आर. प्रदीप चौधरी, सुधीर डहेरिया मुकेश चौरिया,सौरभ ठाकुर,लोकेश सरयाम,विसराम धुर्वे एवं इरफान की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।

## इधर, तेज आवाज सायलेंसर वाली बुलेट मोटर साइकिल पर कोतवाली पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही



पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता द्वारा तेज व मॉडीवाई सायलेंसर वाहनों पर आपत्ति जाहिर की जा रही है जो थाना कोतवाली द्वारा पूर्व में कई बुलेट एवं मोटर साइकिल जिनमें तेज आवाज एवं मॉडीफाईड सायलेंसर के विरूद्ध अभियान छेड़ा गया था जो इसी क्रम में पूर्व के मुताबिक लगातार कार्यवाही करते हुए 01 बुलेट मोटर साइकिल को शहर में तेज आवाज में सायलेंसर का उपयोग करते वाहन चलाते पाया गया। कोतवाली पुलिस द्वारा घसियारी चौक पर पेट्रोलिंग के दौरान 01 बुलैट वाहन जिसमें तेज आवज सायलेंसर लगा था चलाने पाये जाने पर बुलेट वाहन थाना लाकर खडा किया गया एवं बुलेट चालक के विरूध्द मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 120/190 (2) के तहत कार्यवाही करते हुए कुल 1000 रूपये का समन शुल्क वसुल कर चालक को आवश यक हिदायत दी गई। उक्त कार्यवाही मे निरीक्षक सतीश तिवारी, आर. सौरभ सिंह, सिद्धार्थ दुबे, लोकेश सरेयाम की सराहनीय योगदान रहा ।

# संकल्प से समाधान शिविर में शामिल हुई कलेक्टर श्रीमती पटले ग्रामीणों की सुनी समस्याएं, 1472 आवेदन प्राप्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले मंगलवार 24 फरवरी को ग्राम पंचायत भवन कान्हीवाड़ा में आयोजित संकल्प से समाधान अभियान के शिविर में शामिल हुईं। इस अवसर पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों, एसडीएम , डिप्टी कलेक्टर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्रीमती पटले ने उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि शासन का उद्देश्य है कि हर पात्र हितग्राही तक योजनाओं का लाभ पहुंचे। उन्होंने कहा कि जानकारी के अभाव या अन्य कारणों से जो हितग्राही योजनाओं से वंचित रह जाते हैं, उन्हें इस अभियान के माध्यम से जोड़ा जा रहा है ताकि शिविरों में आवेदन लेकर समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा सके।

उन्होंने ग्रामीणों से संवाद करते हुए उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती पटले ने कहा कि संकल्प से समाधान अभियान का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर ही निराकरण करना है, जिससे लोगों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

शिविर में राजस्व, कृषि, जनजातीय कार्य, परिवहन सहित विभिन्न विभागों से जुड़े कुल 1472 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए तथा गंभीर प्रकरणों की नियमित समीक्षा की जाए। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि पात्रतानुसार योजनाओं का लाभ लेने के लिए ऐसे शिविरों का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## रमजान में नेकी की पहलः ऑटो चालक जम्मू खान दे रहे फ्री सेवा



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** रमजान के पाक महीने में जहां एक ओर लोग इबादत और खैरात में जुटे हैं, वहीं सिवनी शहर के भगतसिंह वार्ड निवासी शेख जमील मंसूरी उर्फ जम्मू खान जो कि पेशे से ऑटो चालक है। इन्होंने इंसानियत की मिसाल पेश करते हुए सराहनीय पहल की है। उन्होंने जरूरतमंद मरीजों को अस्पताल पहुंचाने के लिए अपनी ऑटो सेवा निःशुल्क करने का फैसला लिया है। पिछले वर्ष के रमजान में भी ऐसी ही सुविधा उपलब्ध कराई थी।

जानकारी के अनुसार, ऑटो चालक द्वारा रोजाना सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक मरीजों को अस्पताल जाने के लिए मुफ्त सेवा दी जाएगी। इस दौरान न केवल मरीज बल्कि उनके परिजनों को भी बिना किसी किराए के अपनी ऑटो से अस्पताल पहुंचाया जाएगा। रमजान के इस पवित्र महीने में की जा रही यह पहल समाज में सेवा और भाईचारे का संदेश दे रही है। स्थानीय लोगों ने ऑटो चालक की इस सोच की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास दूसरों के लिए भी प्रेरणा बनते हैं। जरूरतमंदों के लिए यह सेवा किसी राहत से कम नहीं है और वास्तव में यह रमजान में सच्ची नेकी की मिसाल बनकर सामने आई है।

# फाइव स्टार बिजनेस फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के अधिकारियों पर अवैध वसूली और धमकी के गंभीर आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

शहर में संचालित निजी फाइनेंस कंपनी फाइव स्टार बिजनेस फाइनेंस कंपनी लिमिटेड की सिवनी शाखा के अधिकारियों पर लोन वसूली के दौरान अवैध वसूली, धोखाधड़ी और धमकी देने के गंभीर आरोप लगे हैं। मंगलवार, 24 फरवरी को दोपहर करीब 4 बजे पीड़ित हितग्राहियों ने कोतवाली थाने पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच प्रारंभ कर दी है।

शिकायतकर्ताओं के अनुसार, उन्होंने कंपनी की सिवनी शाखा से मॉर्टगेज के आधार पर लोन लिया था। आरोप है कि लोन स्वीकृति के समय उनसे मॉर्टगेज प्रोसेस के नाम पर हजारों रुपये अतिरिक्त वसूले गए। इतना ही नहीं, लोन की अवधि पांच वर्ष बताकर अनुबंध किया गया, लेकिन जब पूरी राशि जमा कर दी गई तो दस्तावेजों में अवधि सात वर्ष दर्शा दी गई। इससे हितग्राहियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा।

## कोतवाली में शिकायत दर्ज, पुलिस ने शुरू की जांच

### विरोध करने पर घर पहुंचकर दी धमकी

पीड़ितों का कहना है कि जब उन्होंने अतिरिक्त वसूली और लोन अवधि बढ़ाने पर आपत्ति जताई, तो कंपनी के शाखा प्रबंधक प्रकाश तिवारी और क्षेत्रीय प्रबंधक लेखराम लाडिया ने उनके घर पहुंचकर गाली-गलौज की और धमकी दी। आरोप है कि महिलाओं के साथ भी अभद्र व्यवहार किया गया। अधिकारियों द्वारा कथित रूप से यह भी कहा गया कि उनकी ऊपर तक पहुंच है और कोई उनका कुछ नहीं बिगाड़ सकता।

### ये हितग्राही पहुंचे पुलिस के पास

शिकायतकर्ताओं में अहिल्या ठाकरे, वसुंधरा सोनवाने, किरण पटले (ग्राम साल्हेखुर्द, बरघाट), मोहम्मद सलीम खान, आसिया बेगम (ग्राम बंडोल) और लोकेश जैन (गांधी वार्ड, सिवनी) शामिल हैं। सभी ने संयुक्त रूप से कंपनी अधिकारियों पर अनुचित दबाव बनाकर आर्थिक व मानसिक शोषण करने का आरोप लगाया है।

### थाना प्रभारी का बयान

कोतवाली थाना प्रभारी ने बताया कि कुछ लोगों ने फाइनेंस कंपनी के अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराई है। मामले के तथ्यों की जांच की जा रही है, जांच के उपरांत विधि अनुसार कार्रवाई की जाएगी। पीड़ितों ने पुलिस से निष्पक्ष जांच कर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज करने की मांग की है। यदि आरोप सही पाए जाते हैं, तो यह मामला जिले में निजी वित्त कंपनियों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर सकता

## आयुष चिकित्सा एवं निःशुल्क योग शिविर का हुआ आयोजन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला आयुष अधिकारी सिवनी डॉ. यशवंत कुमार माथुर ने जानकारी देकर बताया शासन के आदेशानुसार एवं कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशन में राष्ट्रीय आयुष मिशन के अंतर्गत आयुष चिकित्सा एवं योग के व्यापक प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से आयुष्मान आरोग्य मंदिर, हिनोतिया द्वारा ग्राम पांजरा में निःशुल्क योग एवं आयुष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

आयोजित शिविर में डॉ. सचिन कुमार अग्रवाल, आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी हिनोतिया द्वारा उपस्थित ग्रामीणों का विधिवत स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा आवश्यकता अनुसार निःशुल्क आयुर्वेद औषधियों का वितरण किया गया। शिविर में कुल 84 हितग्राहियों ने स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। इसी तरह बरघाट विकासखंड अंतर्गत शासकीय आयुर्वेद औषधालय खामी द्वारा गांव सरेखा कला में निःशुल्क आयुष शिविर लगाया गया जिसमें डॉ वंदना जगेत द्वारा महिलाओं,बच्चों एवं बुजुर्गो एवं आने वाले 54 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं निःशुल्क औषधि प्रदान की गई। इस शिविर में स्त्रीरोग,वातरोग, उदर रोग, चर्म रोग, कास रोग, प्रतिशयाय आदि रोगों की औषधियों को वितरित किया गया।साथ ही बीपी. की जांच की। आहार बिहार और ऋतु परिवर्तन में होने वाले रोगों के बचाव के उपाय बताए एवं कुपोषण को दूर करने में जागरूकता प्रदान की गई

## नवोदय विद्यालय प्रबंधन समिति बैठक सम्पन्न

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में मंगलवार 24 फरवरी को पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय सिवनी की विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक विद्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में विद्यालय की शैक्षणिक प्रगति,परीक्षा की तैयारियों, छात्रावास व्यवस्थाओं, स्वच्छता, सुरक्षा एवं आधारभूत सुविधाओं की समीक्षा की गई। अध्ययनरत बच्चों की सुविधा, शैक्षणिक गुणवत्ता तथा सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विभिन्न निर्माण कार्यों के प्रस्तावों को अनुमोदन किया गया। कलेक्टर श्रीमती पटले ने विद्यार्थियों के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के लिए हेल्थ चेकअप की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।बैठक के दौरान कलेक्टर ने विद्यालय की खेल गतिविधियों एवं स्पोर्ट्स व्यवस्था की भी जानकारी ली और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए खेल सुविधाओं को सुदृढ़ करने पर जोर दिया। प्राचार्य डी.के. मिश्रा ने विद्यालय की उपलब्धियों एवं आगामी कार्ययोजना की जानकारी प्रस्तुत की। बैठक के उपरांत कलेक्टर श्रीमती पटले ने विद्यालय परिसर, छात्रावास एवं मेस का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया साथ ही अध्ययनरत बच्चों से संवाद किया।

## नवांकुर स्वैच्छिक संस्थाओं की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

म.प्र. जन अभियान परिषद (योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग म.प्र. शासन) द्वारा आज यहां स्थानीय क्षेत्रीय ग्रामीण विकास प्रशिक्षण संस्थान बिंझावाडा में एक दिवसीय मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।



बैठक में मुख्य अतिथि पंचायत एवं सामाजिक न्याय विभाग के उपसंचालक संदीप परते एवं म.प्र. जन अभियान परिषद के जिला समन्ववयक सौरभ शुक्ला उपस्थित थे। बैठक की शुरूआत में सर्वप्रथम सरस्वती पूजन उपरांत जिला समन्वयक सौरभ शुक्ला द्वारा नवांकुर संस्थाओं के साथ कार्य कर रही ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों की क्षमतावृध्दि एवं उनकी सक्रियता हेतु सतत संपर्क, संवाद एवं नियमित बैठकें करने पर बल देते हुये कहा कि वरिष्ठ कार्यालयों द्वारा दिये गये निर्देशों का समय सीमा में प्रमाणिकता के साथ कार्य तथा किये गये कार्यो का दस्तावेजीकरण भी करें। सेक्टर बैठकों के दौरान प्रस्फुटन समितियों की क्षमतावृध्दि हेतु विभिन्न प्रकार की गतिविधियों एवं प्रशिक्षण भी आयोजित किये जाये। पंचायत एवं सामाजिक न्याय विभाग के उपसंचालक संदीप परते द्वारा बैठक में उपस्थित प्रतिभागियों से अपने विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी साथ ही उन्होंने कहा कि आप सभी लोग सामाजिक सरोकारों से जुडे विषयों पर कार्य करने वाले स्वयंसेवी कार्यकर्ता हो। इस समय हमारे देश एवं प्रदेश में युवा पीढी नशे की ओर व्यापक रूप से आसक्त हो रही है, हमें इस ओर गंभीरतापूर्वक ध्यान देने की जरूरत है खासतौर पर युवा एवं स्कूलों में पढने वाले छात्रों को इससे दूर रखे जाने के प्रयास किये जाने चाहिये। आज उन्होने नशामुक्ति हेतु अपने विभाग की ओर से आईईसी मटेरियल भी नवांकुर संस्थाओं को उपलब्ध कराये। आज इस अवसर पर जिले के सभी विकासखंड समन्वयक जन अभियान परिषद छपारा से अनिल चौरे, कुरई से कुलदीप सिंह ठाकुर, धनोरा से श्याम उईके, केवलारी से अशोक बेन्द्रे , सिवनी से श्रीमति मोनिका चौरसिया एवं घंसौर से मधुबाला चौरसिया सहित जिले में कार्यरत नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## होली पर्व को लेकर के शांति समिति की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ केवलारी।

पुलिस थाना परिसर में आशीष भराडे एसडीओपी ,प्रीतम सिंह तिलगांम थाना प्रभारी ने दिनांक 25 फरवरी 2026 को थाना परिसर में नगर के गणमान्य नागरिको, जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया । बैठक मे दिनांक 3 मार्च 2026 को होलिका दहन 4 मार्च को धुरेड़ी पंचमी पर और रमजान माह और ईद पर्व में शांति सौहार्द्रता वातावरण से मनाए जाने के लिए करके उपस्थित नागरिकों और अधिकारियों के बीच पर परिचर्चा हुई। अरुण चौरसिया ने बताया कि वर्तमान समय में परीक्षाये चल रही है जिसमें डीजे व साउंड सिस्टम पूर्णतः प्रतिबंधित होना चाहिए।एसडीओपी ने कहा कि असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखी जाए जो भी माहौल बिगाड़ने की कोशिश करें उस पर सशक्त करवाई की जाए। इस मौके पर प्रमुख रूप से नीलेश तिवारी जेई मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण, देवीसिंह बघेल जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा भारतीय जनता पार्टी सिवनी , शिव चौधरी उपाध्यक्ष नगर परिषद, अनूप बघेल मंडल अध्यक्ष भाजपा, सचिन अवधिया पूर्व मंडल अध्यक्ष, रामशरण प्यासी महाराज, अरुण चौरसिया, संतोष मोदी अध्यक्ष व्यापारी संघ, रमाशंकर महोबिया , दिलीप दुबे ,राकेश राकेश आत्मपूज्य, रफीक खान, अशोक बंदेवार ,प्रवीण दुबे, राजू मेहरा, बबलू खान पत्रकार ,पवन यादव अधिवक्ता, आबिद खान अध्यक्ष रहमानी मस्जिद कमेटी केवलारी, शहजाद खान , असलम खान, नरेश बघेल, शंकर दास वैष्णव,ओम विश्वकर्मा सहित अन्य नागरिकों की उपास्थिती थी।

**जल जंगल जमीन का संरक्षण संवर्धन की जिम्मेदारी हम सब की**

## प्रकृति के हमारे वृक्ष ऑक्सीजन के भंडार हैं इनका संरक्षण संवर्धन एवं सामंजस धरती के जीवों का आधार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

कृषि विज्ञान केन्द्र सिवनी में कृषि महाविद्यालय (जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय) जबलपुर की बीएससी एग्रीकल्चर ऑनर्स की ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव (रावे ) छात्रों को जैव विविधता प्रकृति के संरक्षण और संवर्धन वन्य जीवों का प्रकृति को बेहतर बनाए रखने एवं ऑक्सीजन की सर्वोत्तम स्त्रोत हमारे जल जंगल और जमीन के संरक्षण के विषय पर बेहतर जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से विश्व प्रसिद्ध मोगली लैंड पेंच टाइगर रिजर्व का भ्रमण कराया गया, इस दौरान पेंच टाइगर रिजर्व के सर्किल अधिकारी श्री सुमित रागे द्वारा पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से जंगल की संरक्षण संवर्धन,कोर, बफर एरिया इको सेंसेटिव जोन, वन प्राणियों वन्य जीवन एवं जंगल से जुड़े ग्रामीण वासियों के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई, जंगल की हर बात को कैसे संरक्षण किया जाता है साथ ही जंगल क्षेत्र में आने वाले ग्रामीण समुदाय के साथ सामंजस्य हेतु किया जा रहे सार्थक प्रयासों का विस्तार से जानकारी प्रदान की गई पर्यटकों का जंगल के प्रति और उनकी जिम्मेदारी के विषय में बताया गया, इस दौरान कृषि विज्ञान केंद्र प्रमुख डॉ शेखर सिंह बघेल अपने उद्बोधन में सभी फॉरेस्ट के अधिकारियों के कार्यों की प्रशंसा करते हुए आभार प्रदर्शित किया एवं सभी छात्रों से आवाहन किया कि भविष्य में संकल्प लें, प्रकृति के बेहतर संरक्षण की दिशा में कार्य करेंगे और आने वाली पीढ़ी के लिए इस सुंदर धरती को बचाए रखने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे इस दौरान रावे प्रभारी डॉ राजेंद्र सिंह ठाकुर द्वारा सभी छात्र-छात्राओं को महत्वपूर्ण बातों से अवगत कराया गया एवं इस ओरिएंटेशन कार्यक्रम का बेहतर समन्वय किया गया साथ ही देवी प्रसाद तिवारी की उपस्थिति रही लोहे के कबाड़ से बनी प्रतिमा देखी यह प्रतिमा 17.5 फीट ऊँची, 8 फीट चौड़ी और 40 फीट लंबी है। इस बाघ प्रतिमा को बनाने में लगभग 10 टन लोहे के कबाड़ का उपयोग किया गया है।

### रैली निकाल बस स्टैंड में की आवाज बुलंद, प्रधानमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

## मजदूरों के लिए लड़ता रहेगा संगठन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) ने 25 फरवरी बुधवार को राष्ट्रीय आह्वान पर बस स्टैंड पर धरना प्रदर्शन किया। इसके बाद श्रमिकों ने रैली निकालकर अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी की। रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए कलेक्टर कार्यालय पहुंची, जहां प्रधानमंत्री और केंद्रीय श्रम मंत्री के नाम एक ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर प्रदीप कौरव को सौंपा गया। इस आंदोलन में बड़ी संख्या में श्रमिक शामिल हुए।

भारतीय मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष योगेश यादव ने बताया कि यह आंदोलन केवल ज्ञापन देने तक सीमित नहीं है, बल्कि श्रमिकों के अधिकारों और सम्मान की लड़ाई है। उन्होंने कहा कि श्रमिक वर्ग लंबे समय से विभिन्न समस्याओं और शोषण का सामना कर रहा है। बीएमएस सरकार से श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा, उचित वेतन सीमा, पेंशन और उन्हें नियमित करने की मांग करता है।



आंदोलन के माध्यम से बीएमएस ने कई प्रमुख मांगें रखीं। इनमें ईपीएफओ अंशदान बढ़ाने, ईपीएस-95 के तहत पेंशन राशि को न्यूनतम 7500 रुपये प्रति माह करने और पेंशनभोगियों को आयुष्मान भारत योजना का लाभ देने की मांग शामिल है। इसके अतिरिक्त, खदानों और अन्य संस्थानों में कार्यरत ठेका श्रमिकों को नियमित करने तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मिड-डे मील रसोइया, पेशा मोबिलाइजर, अतिथि शिक्षक, नगर पालिका के अनियमित कर्मचारी, आउटसोर्सिंग कर्मचारी और सफाई कर्मियों को स्थायी कर उन्हें कामगार का दर्जा देने की भी मांग की गई।

बीएमएस ने लोडिंग-अनलोडिंग करने वाले हमालों, बांस टाल, कवेलू कारखानों, पेट्रोल पंप, अनाज मंडी, वेयरहाउस और धान खरीदी केंद्रों में कार्यरत श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा के दायरे में शामिल करने की मांग की। साथ ही, चालक एवं परिचालकों को श्रमिक पंजीकरण, दुर्घटना एवं जीवन बीमा, पेंशन, वृद्धावस्था सहायता और स्वास्थ्य बीमा जैसी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ देने सहित अन्य मांगे भी रखी गईं।

### बस संचालकों में नाराजगी, सौंपा ज्ञापन

## सुगम परिवहन नीति का विरोध, सरकार नहीं मानी तो थम जाएंगे बस के पहिए

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में बस संचालकों ने सरकार की सुगम परिवहन नीति का विरोध करते हुए 2 मार्च की सुबह से अनिश्चितकाल के लिए बसों का संचालन बंद करने की चेतावनी दी है। उन्होंने इसे 'दमनकारी' नीति बताया और सरकार से इसे वापस लेने की मांग की है।

मध्य प्रदेश बस ऑपरेटर्स के आह्वान पर जिले के बस ऑपरेटर्स ने बुधवार को जिला बस ऑपरेटर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष मुकेश चौहान के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में सरकार से 24 दिसंबर 2025 और 29 जनवरी 2026 को राजपत्र में किए गए संशोधनों को वापस लेने और बस संचालन पहले की तरह जारी रखने की मांग की गई है।

जिला बस ऑपरेटर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष मुकेश चौहान ने कहा, ₹बस हमारी, ड्राइवर हमारा, कंडक्टर हमारा, टैक्स हमारा, और फिर हम सरकार को रॉयल्टी दें, यह कैसी नीति है? सरकार इस नीति के तहत बस ऑपरेटर्स को जमीन में गाड़ देने और व्यवसाय खत्म करने जैसी स्थिति पैदा कर रही है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि बस ऑपरेटर्स अपने व्यवसाय को बचाने के लिए विरोध कर रहे हैं। चौहान ने कहा कि 2 मार्च की सुबह से बसों के पहिए तब तक जाम रहेंगे, जब तक सरकार राजपत्र में संशोधित प्रारूप को वापस नहीं लेती।






होली के त्योहार से ठीक पहले बस ऑपरेटर्स द्वारा बसों का संचालन बंद करने की चेतावनी से यात्रियों को गंभीर परेशानी हो सकती है। जिले में ट्रेनों की सीमित संख्या के कारण बसों पर निर्भर रहने वाले यात्रियों पर इसका सीधा असर पड़ेगा।

## विधायक भगत ने क्षेत्र में नए रेंजर कार्यालय खोले जाने का मुद्दा उठाया

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** विधानसभा क्षेत्र में वन विभाग की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने की मांग तेज हो गई है। क्षेत्रीय विधायक ने वन मंत्री से आग्रह किया है कि परसवाड़ा क्षेत्र के कुमनगांव, परसवाड़ा एवं बघोली में नए रेंजर (रेंज) कार्यालय खोले जाएं, ताकि आमजन को हो रही परेशानियों का समाधान हो सके।



विधायक भगत ने मध्यप्रदेश विधानसभा में यह मुद्दा उठाते हुए कहा कि वर्तमान में इन क्षेत्रों में रेंज कार्यालय नहीं होने से ग्रामीणों, वन अधिकार धारकों तथा वनभूमि से जुड़े हितग्राहियों को आवश्यक कार्यों के लिए दूरस्थ स्थानों पर जाना पड़ता है। संबंधित अधिकारी और कर्मचारी समय पर उपलब्ध नहीं हो पाते, जिससे छोटे-छोटे कार्य भी लंबित हो जाते हैं। परिणामस्वरूप प्रमाण पत्र, अनुमति, सीमांकन, वन उपज से जुड़े प्रकरणों सहित अनेक विभागीय कार्यों में अनावश्यक विलंब होता है।

इस मांग को उठाने में जिला पंचायत सदस्य तामेश्वर पटले, संपत पटले, टिकम राहंगडाले, मंगलूसिंह उइके और लोकेश राहंगडाले की महत्वपूर्ण भूमिका रही। जनप्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति और वन क्षेत्र की व्यापकता को ध्यान में रखते हुए नए रेंज कार्यालयों की आवश्यकता बताई। उनका कहना है कि परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र का बड़ा हिस्सा वन क्षेत्र से आच्छादित है, जहां वन संरक्षण, प्रबंधन और ग्रामीणों के अधिकारों से जुड़े मामलों की संख्या अधिक है।

विधायक मधु भगत ने कहा कि यदि कुमनगांव, परसवाड़ा और बघोली में रेंजर कार्यालय स्थापित किए जाते हैं तो विभागीय कार्यों में पारदर्शिता और गति आएगी। स्थानीय स्तर पर अधिकारियों की उपलब्धता से शिकायतों का त्वरित निराकरण संभव होगा और ग्रामीणों को बार-बार मुख्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। साथ ही वन संरक्षण से जुड़े कार्यों की निगरानी भी प्रभावी ढंग से की जा सकेगी।उन्होंने जोर देकर कहा कि क्षेत्र की भौगोलिक दूरी और वन आधारित आजीविका को देखते हुए नए रेंज कार्यालय खोलना समय की मांग है। इससे न केवल प्रशासनिक सुविधा बढ़ेगी, बल्कि वन विभाग और आमजन के बीच समन्वय भी मजबूत होगा। विधायक ने सरकार से शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने की अपेक्षा व्यक्त की है, ताकि क्षेत्रवासियों को राहत मिल सके और वन प्रबंधन व्यवस्था अधिक प्रभावी बन सके।

### डॉक्टरों की जल्द हो नियुक्ति, आमरण अनशन की चेतावनी

## विधानसभा में फिर गरजी बालाघाट की शेरनी

### जिला चिकित्सालय की अव्यवस्थाओं पर सरकार को घेरा

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट की समस्याओं को लेकर कांग्रेस विधायक अनुभा मुंजारे ने बुधवार को विधानसभा में सरकार को घेरा। बजट के बाद अनुदान मांगों पर चर्चा के दौरान उन्होंने स्वास्थ्य, शिक्षा और सिंचाई से जुड़े मुद्दे प्रमुखता से उठाए।

विधायक ने कहा कि 400 बिस्तरों वाले शहीद भगत सिंह जिला अस्पताल बालाघाट में प्रथम और द्वितीय श्रेणी के विशेषज्ञों व प्रशासनिक अधिकारियों के कुल 40 पद स्वीकृत हैं, लेकिन वर्तमान में केवल 22 ही कार्यरत हैं। जनसंख्या के हिसाब से यह संख्या बेहद कम है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर जल्द नियुक्तियां नहीं की गईं तो वह आमरण अनशन पर बैठेंगी।



विधायक ने बताया कि डॉक्टरों की कमी के कारण मरीजों को अक्सर नागपुर और गोंदिया रेफर करना पड़ता है। वहीं 50 बिस्तर वाले लालबर्रा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विशेषज्ञों के 8 पद स्वीकृत हैं, लेकिन केवल एक संविदा महिला चिकित्सक डॉ. रितु धुर्वे ही 24 घंटे सेवाएं दे रही हैं।

उन्होंने यह सवाल भी उठाया कि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा 28 जून 2023 को 100 सीटों वाले बालाघाट मेडिकल कॉलेज को कैबिनेट मंजूरी और भूमिपूजन के बावजूद अब तक निविदा प्रक्रिया पूरी क्यों नहीं की गई। स्वास्थ्य के साथ-साथ विधायक ने शिक्षा व्यवस्था की खामियों की ओर भी ध्यान दिलाया। उन्होंने बताया कि उनके क्षेत्र के 18 विद्यालयों में बाउंड्रीवाल नहीं है, 34 स्कूलों में बच्चों के बैठने की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है और 23 विद्यालयों को मरम्मत व अतिरिक्त कक्षों की जरूरत है।

विधायक ने सिंचाई व्यवस्था की बदहाली का मुद्दा भी सदन में उठाया। उन्होंने कहा कि सर्राटी, पाथरी, मुरूमनाला और चांवरपानी जलाशयों से निकलने वाली नहरें जर्जर हालत में हैं। इसके कारण लगभग 50 गांवों के किसान प्रभावित हो रहे हैं।

उन्होंने कहा कि पर्याप्त सिंचाई नहीं होने से किसान पूरा उत्पादन नहीं कर पा रहे हैं, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है और उनमें निराशा बढ़ रही है।

### 14 मार्च को नेशनल लोक अदालत का आयोजन

**बालाघाट।** प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट श्री प्राणेश कुमार प्राण के मार्गदर्शन में 14 मार्च 2026 (शनिवार) को वर्ष की प्रथम नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय सहित समस्त तहसील न्यायालयों, श्रम न्यायालय एवं कुटुम्ब न्यायालय में किया जाएगा। नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित आपराधिक, विद्युत, चेक डिसऑनर, दीवानी एवं शमनीय प्रकरणों के अतिरिक्त बैंक, श्रम, दूरसंचार, राजस्व, जलकर, संपत्तिकर आदि प्री-लिटिगेशन मामलों का भी निराकरण किया जाएगा। नेशनल लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए न्यायाधीश/अध्यक्ष श्री प्राण द्वारा 25 फरवरी को जिला न्यायालय परिसर से प्रचार-प्रसार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस वाहन के माध्यम से लोक अदालत से संबंधित जानकारी आमजन तक पहुंचाई जा रही है, ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें।

### निर्माण कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश

## कलेक्टर ने ली निर्माण विभागों के अधिकारियों की बैठक



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

एमपीआरडीसी के जिला प्रबंधक ने बताया कि वारासिवनी, लालबर्रा सडक बीओटी के अंतर्गत है और इसका मेटनेंस 2030 तक संबंधित फर्म द्वारा किया जाएगा। वारासिवनी-कटंगी सडक का कार्य पूर्ण हो चुका है। बैहर-लामता सडक के 30 किमी लंबाई का कार्य किया जाना है। सिवनी-बालाघाट सडक के बीटी रिनिवल का कार्य कर लिया गया है। इस सडक को फोरलेन करने का डीपीआर पूर्ण हो गया है। खैरलांजी-अगासी एवं सीतापठोर-महकेपार सडक लोकनिर्माण विभाग को हस्तांतरित की जा रही है। गढी-चिल्पी सडक के 02 कल्वर्ट में काम हो गया है। इस सडक की मरम्मत का कार्य 03 दिन पूर्व ही प्रारंभ किया गया है। बैहर-मुक्की-गढी सडक के 20 किमी में बीटी रिनिवल का कार्य कर लिया गया है। बालाघाट-बैहर 19 किमी लंबाई का बीटी रिनिवल करने टेंडर हो गया है। कलेक्टर श्री मीना ने बैहर-लामता सडक का मरम्मत कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिये। इसी प्रकार बैहर-गढी रोड के कान्हा टाईगर रिजर्व से अनुमति के लिए रोके गए 11.3 किमी कार्य की शीघ्र अनुमति प्राप्त कर पूर्ण करने के निर्देश दिये गए। कलेक्टर श्री मीना ने बैहर-सालेटेकरी रोड की मरम्मत का कार्य भी शीघ्रता से करने के निर्देश दिये। बैठक में लोक निर्माण विभाग, पीआईयू, सेतु संभाग, पुलिस हाउसिंग बोर्ड, एमपी हाउसिंग बोर्ड, प्रधानमंत्री ग्रामीण सडक, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, जनजातीय कार्य विभाग, सिंचाई विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री मीना ने समीक्षा के दौरान निर्देशित किया कि शाला भवन, स्वास्थ्य विभाग के भवन, छात्रावास भवन, नक्सल प्रभावित क्षेत्र की सडके, पुल पुलिया का कार्य समय सीमा में पूर्ण कराया जाए और निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने कहा गया। आरसीपीएलडब्लयूई एवं एससीए के अंतर्गत पूर्व में स्वीकृत सडको एवं पुल पुलिया का कार्य शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिये गए। जिन कार्यों के लिए वन विभाग की अनुमति लेना है उसके लिए परिवेश पोर्टल पर जानकारी अपलोड की जाए एवं अनुमति लेने के प्रक्रिया शीघ्रता से पूर्ण की जाए। वन विभाग से अनुमति लेने की प्रक्रिया में किसी भी तरह का विलंब नही होना चाहिए। छात्रावास एवं स्कूल भवनों के जो कार्य पूर्ण हो गए है उन्हें संबंधित विभाग को शीघ्र हस्तांतरित किया जाए।

बैठक में सिचाई विभाग के कार्यों की समींक्षा के दौरान सातनारी जलाशय एवं लामता सिंचाई योजना का कार्य समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये गए। इसी प्रकार पोला जलाशय के जमीन आवंटन संबंधी कार्यवाही को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये गए। सेतु संभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान लांजी-बिसोनी-सोगलपुर मार्ग पर महाराष्ट्र सीमा पर बनाये जा रहे पुल का कार्य शीघ्रता से पूर्ण करने कहा गया। बैठक में बताया गया कि बालाघाट में जागपुर घाट का पुल दिसम्बर 2026 तक पूर्ण हो पाएगा। बैठक में जिला खनिज निधि से स्वीकृत कार्यों की भी समीक्षा की गई।

## गोंदिया-जबलपुर रेल लाइन के दोहरीकरण को मिली मंजूरी पर जिले में हर्ष का माहौल



### भाजयुमो ने सांसद को बधाई देते हुए राष्ट्रगीत वंदे मातरम की पूर्ण छायाचित्र भेंट की

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

केंद्रीय बजट में जबलपुर-गोंदिया रेल लाइन के दोहरीकरण के प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद जिलेभर में हर्ष है। बुधवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा ने सांसद भारती पारधी से भेंट कर इस उपलब्धि पर बधाई प्रेषित की। भाजयुमो के नगर अध्यक्ष जैनेंद्र कटरे के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सांसद को राष्ट्र गीत वंदे मातरम् की पूर्ण छायाचित्र भेंट की। इसके साथ भाजयुमो ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार जताया। नगर अध्यक्ष जैनेंद्र कटरे ने कहा कि ये ऐतिहासिक सौगात है, जिससे जिले के विकास के द्वार खुलेंगे। लंबी दूरी की ट्रेनों की सौगात मिलने के साथ जिले की अर्थव्यवस्था सुदृढ व समृद्ध होगी। इस दौरान भाजयुमो के पूर्व जिलाध्यक्ष गजेंद्र भारद्वाज, पूर्व भाजपा नगर महामंत्री भरत चौधरी, नगर उपाध्यक्ष रंजीत गोयल, कोषाध्यक्ष जीतू राजपूत, नगर मंत्री हिमांशु चौकसे, नगर उपाध्यक्ष सिद्धार्थ वाजपेई, जय गिरी गोस्वामी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बिहार के छात्र की लाश बालाघाट में मिली

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बालाघाट जिले में बिहार के एक छात्र का शव रेलवे लाइन पर कटा हुआ मिला है। छात्र की पहचान आदित्य (21) पुत्र हरिवंश राय के रूप में हुई है। वह हैदराबाद में अपने जीजा के यहां रहकर नीट की 1 तैयारी कर रहा था। बुधवार को परिजनों के पहुंचने पर शव की पहचान की गई।

यह घटना मंगलवार की है। आरपीएफ को समनापुर और चरेगांव के बीच रेलवे लाइन पर खंभा नंबर 1061/4/7 के पास एक युवक का ट्रेन से कटा हुआ शव मिलने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही आरपीएफ की टीम मौके पर पहुंची और जंगल क्षेत्र से शव को बरामद किया।

आदित्य हैदराबाद से बिहार स्थित अपने गांव जाने के लिए होली स्पेशल चिरापल्ली-दानापुर एक्सप्रेस में सवार हुआ था। वह बालाघाट कैसे पहुंचा और उसके साथ यह घटना कैसे हुई, यह अभी



स्पष्ट नहीं हो पाया है। आरपीएफ और ग्रामीण थाना पुलिस दोनों मिलकर मामले की जांच कर रही हैं।

बुधवार को युवक के पास मिले दस्तावेजों के आधार पर सूचना मिलने के बाद आदित्य के जीजा सिकंदर कुमार बालाघाट जिला अस्पताल पहुंचे। उन्होंने बताया कि आदित्य उनके यहां रहकर नीट की तैयारी कर रहा था। 23 फरवरी को उन्होंने उसे ट्रेन में बैठाकर रवाना किया था। रात में उससे बात हुई थी, लेकिन उसके बाद संपर्क नहीं हो सका। मंगलवार को आदित्य के साथ हुई घटना की सूचना मिलने पर वह अपने बड़े भाई अविनाश के साथ यहां पहुंचे हैं।

आरपीएफ एसआई विभा ने जानकारी दी कि घटनास्थल के पास ही एक पेड़ के नीचे आदित्य का बैग मिला है। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि युवक एक्सप्रेस ट्रेन से कहां उतरा और यहां कैसे पहुंचा। आरपीएफ को यह भी जानकारी मिली है कि युवक मालगाड़ी ट्रेन के सामने आ गया था। फिलहाल, मामला संबंधित थाना क्षेत्र का होने के कारण ग्रामीण थाना पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

चिरापल्ली से दानापुर एक्सप्रेस नैनपुर के बाद बालाघाट में रुकती है। ऐसी संभावना जताई जा रही है कि युवक बालाघाट में उतरकर किसी अन्य ट्रेन से यहां पहुंचा होगा और इसके बाद सुनसान, जंगली क्षेत्र में उसने ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली होगी। ग्रामीण थाना एसआई विजय पाटिल मामले की जांच कर रहे हैं। जांच पूरी होने के बाद ही युवक की मौत की वास्तविक वजह स्पष्ट हो पाएगी।

## रेत खदान एमडीओ वैनगंगा माइनिंग वर्क्स प्रा.लि. के द्वारा शास. विद्यालय सरंडी में टेबल एवं बेंच का किया वितरण

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

स्कूल के छात्र-छात्राओं की सुविधाओं को देखते हुए समूह रेत खदान एमडीओ मेसर्स वैनगंगा माइनिंग वर्क्स प्राइवेट लिमिटेड भोपाल ने सराहनीय पहल कर दिनांक 24 फरवरी को बालाघाट कलेक्टर मृणाल मीणा एवं वारासिवनी विधायक विक्की पटेल के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में एकीकृत शासकीय विद्यालय सरंडी तहसील वारासिवनी में छात्र-छात्राओं की जरूरतों एवं सुविधाओं को देखते हुए रेत खदान एमडीओ वैनगंगा माइनिंग वर्क्स प्राइवेट लिमिटेड भोपाल के द्वारा तीन-तीन सीटर 15 बेंच एवं 15 टेबल का वितरण किया गया वहीं स्कूल के विद्यार्थियों ने आधुनिक बेंच एवं टेबल पाकर बेहद खुश नजर आए ।इस पहल का उद्देश्य बच्चों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण प्रदान करना है जिससे सरकारी स्कूल में शिक्षा की गुणवत्ता और बुनियादी सुविधाओं को सुधारा जा सके वितरण कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सरंडी के सरपंच पूजा गौतम ग्राम के गणमान्य नागरिकगण, शिक्षक शिक्षिकाएं, स्कूली बच्चे एवं प्रभारी अधिकारी माइनिंग कॉरपोरेशन बालाघाट की उपस्थिति सराहनीय रही ।






## वनरक्षक रमेश कुमार बाहेश्वर एवं ललित मेश्राम को शीघ्र कार्यालय में उपस्थित होने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

उत्तर सामान्य वनमंडल के वन मण्डलाधिकारी श्री रेंशम सिंह धुर्वे ने पश्चिम बैहर सामान्य परिक्षेत्र के वन रक्षक रमेश कुमार बाहेश्वर एवं ललित मेश्राम को शीघ्र उत्तर वनमंडल कार्यालय बालाघाट में उपस्थित होने के निर्देश दिये है। यदि वे कार्यालय में उपस्थित नही होते है तो उनके विरूद्ध सेवा समाप्ति की कार्यवाही की जाएगी। पश्चिम बैहर सामान्य परिक्षेत्र में पदस्थ वनरक्षक रमेश कुमार बाहेश्वर 01 जनवरी 2025 से अनाधिकृत रुप से बिना किसी सूचना के अपने कर्तव्य से अनुपस्थित है। इसी प्रकार वनरक्षक ललित मेश्राम 01 जून 2024 से 30 नवम्बर 2024 तक स्वास्थ्य खराब होने की सूचना प्रस्तुत कर एवं 01 दिसम्बर 2024 से बिना सूचना एवं आवेदन के अपने कर्तव्य से अनुपस्थित है। जिसके कारण इन दोनो वनरक्षक के विरूद्ध विभागीय जांच संस्थित कर उप वनमंडल अधिकारी उकवा सामान्य को जांचकर्ता अधिकारी नियुक्त किया गया है। जांचकर्ता अधिकारी द्वारा इन दोनो कर्मचारियों को अपना पक्ष रखने के लिए कार्यालय में उपस्थित होने के लिए सूचित किया गया है, लेकिन वे पत्र प्राप्त करने के उपरांत भी कार्यालय में उपस्थित नही हुए है। जिसके कारण इन दोनो वनरक्षकों को अंतिम अवसर प्रदान करते हुए उत्तर सामान्य वनमंडल कार्यालय बालाघाट में शीघ्र उपस्थित होने कहा गया है। अन्यथा उनके विरूद्ध सेवा समाप्ति की कार्यवाही की जाएगी।